हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### हरिभूमि ने उठाया मामला, की गई कार्रवाई


बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अवैध उत्खनन को लेकर 28 जून को हरिभूमि में खबर प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन ने ग्राम हसुवा, बालौद में रेत का अवैध भंडारण किए जाने के मामले को संज्ञान में लिया। अवैध भंडारण करने वाले राकेश बंजारे निवासी बलौदा के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर 24 हजार रुपए से अधिक का समझौता शुल्क वसूल किया गया। मामले का उल्लेख विधानसभा अतारांकित प्रश्न के जवाब में किया गया है।

# सदन में अवैध रेत पर 14 सवाल, हरिभूमि का जिक्र, सरकार ने कहा- सख्त कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन अवैध रेत खनन का मामला छाया रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने 14 सवाल लगाए। प्रदेशभर के अलग अलग इलाकों में अवैध रेत परिवहन के प्रश्न पूछे गए। जवाब में हरिभूमि का जिक्र भी किया गया। जवाब में सरकार ने कहा है कि जहां भी शिकायतें मिली सख्त कार्रवाई की गई। अवैध उत्खनन के 181, अवैध परिवहन के 3922 और अवैध भंडारण के 96 प्रकरण दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने पिछले माह रेत खदानों ▶▶ शेष पेज 4 पर

- प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन के 181, अवैध परिवहन के 3922 और अवैध भंडारण के 96 प्रकरण दर्ज
- 8 करोड़ 97 लाख 69 हजार रुपए का समझौता राशि वसूल
- प्रकरणों में पुलिस, खनिज, परिवहन, वन, राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई




**हरिभूमि ने अवैध रेत खनन का मुद्दा लगातार उठाया**




### भाजपा विधायक धर्मजीत ने पूछा- प्रदेश में कुल कितनी रेत खदानें

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह पहले भी अवैध रेत खनन को लेकर मुखर रहे हैं। आज सदन में उन्होंने सवाल पूछा कि प्रदेश में कितनी रेत खदानें संचालित हैं। साथ में ही में उन्होंने आरंग का मामला उठाया। वहां मंजूरी नहीं होने को लेकर भी सवाल उठाया। जवाब में कहा गया कि रेत खदान मंजूर नहीं है। अवैध खनन और परिवहन की शिकायतें मिली हैं। तीन साल में कार्रवाई की गई है।

### भाजपा विधायक अनुज ने पूछा धरसींवा में कितनी शिकायतें

भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने धरसींवा क्षेत्र में अवैध खनन की जानकारी मांगी। जवाब में बताया गया कि सात शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिन पर कार्रवाई की गई है। जवाब में जहां जहां कार्रवाई की गई उसका ब्योरा दिया गया है। दोंदेखुर्द में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन पाया गया। एक लाख 16 हजार का दंड लगाया गया।

इन्होंने उठाया मुद्दा



**अनिला भेंडिया ने पूछा-क्या कार्रवाई हुई:** रेत के अवैध उत्खनन को लेकर बालोद जिले में दर्ज प्रकरणों के संदर्भ में विधायक अनिला भेंडिया ने कार्यवाही के संबंध में सवाल उठाए। उन्होंने जून 2024 तक रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की जानकारी मांगी। जवाब में बताया गया कि बालोद जिले में इस अवधि के दौरान अवैध उत्खनन के 15 तथा अवैध परिवहन के 106 मामले दर्ज किए गए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बलौदाबाजार हिंसा पर उबला सदन विपक्ष का हंगामा, कांग्रेस विधायक निलंबित

*विधानसभा अध्यक्ष ने गृहमंत्री के वक्तव्य के बाद स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के जमकर हंगामा से सदन में उबाल आ गया। बलौदाबाजार हिंसा मामले पर सदन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गृहमंत्री के वक्तव्य के बाद स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया। अग्राह्य किए जाने के बाद विपक्ष ने जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष के सदस्य सदन में हंगामा करते हुए बेल में आकर नारेबाजी करने लगे। आसंदी ने बेल में आने के कारण कांग्रेस के सदस्यों को निलंबित कर दिया। बलौदाबाजार हिंसा ▶▶ शेष पेज 4 पर


### साक्ष्य के आधार पर की गई गिरफ्तारी : शर्मा






गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा, यह कहना गलत है कि अमरगुफा घटना पर कार्रवाई नहीं हुई। यह भी कहना गलत है कि ज्ञापन लेने अधिकारी मौजूद नहीं थे। एसपी और कलेक्टर ने सभा के आयोजकों के साथ बैठक की, शांतिपूर्ण सभा की अनुमति दी थी, रैली की अनुमति नहीं थी। दशहरा मैदान की सभा में 8 हजार से अधिक लोग थे। उनके लिए 500 पुलिस कर्मियों को लगाया गया था। ज्ञापन लेने वहां पर अधिकारी मौजूद थे, उन्हें ज्ञापन न देकर भीड़ चक्रपाणी चौराहे से आगे बढ़ गई। अन्य उपद्रवियों ने पुलिस पर हमला करते हुए तहसील और जिला कार्यालय को आग लगा दी। 40 पुलिस कर्मचारी घायल हुए, 14 केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि मान रहे हैं कि षड्यंत्र हुआ है, इसलिए इसकी जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### एसपी-कलेक्टर की भूमिका संदेहास्पदः भूपेश



स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बलौदाबाजार की कंपोजिट बिल्डिंग में आगजनी की गई। सतनामी समाज के जैतखाभ को नुकसान पहुंचाने से विवाद शुरू हुआ। सतनामी समाज के आक्रोश के बाद एफआईआर दर्ज की गई। बिहार के तीन मजदूरों को गिरफ्तार किया गया। समाज में आक्रोश बढ़ता गया। समाज ने कहा, कोई व्यक्ति सिर्फ मजदूरी नहीं मिलने से जैतखाभ को नुकसान नहीं पहुंचा सकता। समाज ने सीबीआई जांच की मांग की थी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश की समरसता खत्म करने का षड्यंत्रः महंत



नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, छत्तीसगढ़ की आस्था, प्रतीक को तोड़ने का काम किया है। प्रदेश की समरसता और भाईचारा को खत्म करने का षडयंत्र हुआ है। राज्य की शांति भंग हुई है। हिंसा का वातावरण बना है। समाज को बांटने का काम हुआ है। मेरी जानकारी के मुताबिक कई संगठनों से अब तक 168 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हम सदन के माध्यम से यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### निर्दोष लोगों की गिरफ्तारीः उमेश



कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, शैलेंद्र बंजारे नाम के युवा को पुलिस ने उठाया। वह घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं था। फिर भी उसे हिरासत में लिया गया। इसी तरह हिरासत में लेने दीपक मीरी के घर पुलिस पहुंची, तीन महीने पहले ही वह मर चुका था। भाजपा ने षड्यंत्र पूर्वक लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं पूर्व मंत्री अनिल भेंड़िया ने कहा कि निर्दोष लोगों को मुजरिम बनाकर जेल भेजा जा रहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात से बेहतर



- सीएम साय ने विधानसभा में दी जानकारी
- सभी स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की करेंगे पदस्थापना

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल में स्कूल शिक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात से बेहतर है। उन्होंने बताया कि देश में 26 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक हैं जबकि प्रदेश में 21 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक है। शिक्षकों की पदस्थापना में अब तक कुछ अव्यवस्थाएं थी। जिसके कारण शिक्षकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### युक्तियुक्तकरण से मिलेंगे शिक्षक

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षक और विद्यार्थियों का अनुपात राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी होने से सभी स्कूलों में शिक्षक मिल सकेंगे। साय सरकार द्वारा किये जा रहे युक्तियुक्तकरण का सकारात्मक असर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा और ऐसे स्कूलों में भी शिक्षक मिल जाएंगे जहां शिक्षकों की कमी की वजह से शिक्षा प्रभावित हो रही है।

# बस्तर में बारिश का कहर

## तीसरे दिन भी तेलंगाना-ओडिशा से टूटा रहा संपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/कोंटा/बीजापुर/दंतेवाड़ा/बालोद

बस्तर समेत प्रदेश के कई इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश ओडिशा का संपर्क छत्तीसगढ़ के कोंटा बार्डर सीमा क्षेत्र से टूटा हुआ है। वहीं, दूसरी ओर कोंटा बार्डर से जगदलपुर रायपुर के लिए रविवार देर रात रास्ता खुला।

दक्षिण क्षेत्रों में हुई लगातार बारिश के चलते बाढ़ के हालात बने हुए हैं। एर्राबोर के बाद इंजरम के पास लगा जाम रविवार रात्रि खुल गया। दूसरी ओर बस्तर के सुकमा जिला के सरहदी सीमावर्ती से गुजरने वाली शबरी नदी उफान पर है। कोण्टा सीडब्ल्यूसी रिपोर्ट के अनुसार फर्स्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीआरपीएफ जवानों ने प्री-मेच्योर बच्चे व नवप्रसूता को सुरक्षित पहुंचाया नदी पार

बीजापुर। सीआरपीएफ कैम्प नम्बी में तैनात सुरक्षाबल के जवानों ने नवजात शिशु और प्रसूति महिला को रेस्क्यू कर नदी पार कराया। जिले के उसूर से आगे नम्बी में सीआरपीएफ 196 और कोबरा 205 बटालियन तैनात है। सोमवार को सुरक्षा बलों के जवानों ने नम्बी की रहने वाली महिला माडवी जोगी पति माडवी आंदा उम्र 24 वर्ष का समय पूर्व डिलीवरी होने से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर जाना था। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नदी में आई बाढ़ देखने गया किशोर बह गया



बालोद। जिले में विगत तीन दिनों से बारिश लगातार जारी है। इस बीच नदी में आई बाढ़ देखने गए 17 साल के एक किशोर की नदी में बह जाने से मौत हो गई। घटना रविवार शाम करीब 5 बजे जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम मुल्लेगुड़ा की है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम मरकाटोला (गुदुम) निवासी गुलेश्वर निषाद 17 वर्ष जो कि अपने दादा के पास ग्राम मुल्लेगुड़ा आया था। घर से कुछ ही दूरी पर तांदुला नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिसे देखने के लिए गुलेश्वर निषाद भी गया था। इस दौरान जलस्तर बढ़ने से गुलेश्वर बाढ़ की चपेट में आ गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि बालक अपने आप को संभाल नहीं पाया और गहराई में डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद उसके शव को नदी से बाहर निकाला। बीते दो दिनों में बाढ़ के कारण बह जाने की यह दूसरी घटना है।

**प्रदेश में ऐसे हालात**

- चट्टी बार्डर पर जाम, शबरी स्थिर, गोदावरी से सेकंड वार्निंग, बैक वाटर का खतरा
- किरंदुल में तटबंध टूटने से जल प्रलय का तांडव, घरों में घुसी लाल मिट्टी
- बलौदाबाजार-महासमुंद जिले को जोड़ने वाली सड़क पर बना अमेठी अनिकट डूबा, रास्ता बंद
- भाटापारा का शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पुल उफान पर, चार जिलों का टूटा संपर्क

### ईओडब्ल्यू-एसीबी चीफ अमरेश के नेतृत्व में चालान प्रस्तुत

# महादेव एप-कोल घोटाले में अहम खुलासे, चालान में खुले बड़े राज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में ईओडब्ल्यू एसीबी ने राज्य बनने के बाद अब तक के भ्रष्टाचार और घोटाले में सबसे बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू एसीबी चीफ अमरेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने महादेव सट्टा और कोल घोटाले की जांच रिकार्ड तीन महीने में पूरी कर कोर्ट में चालान भी प्रस्तुत कर दिया। इस बीच ईओडब्ल्यू एसीबी की टीम ने दिन रात एक कर पूरी केस की स्टडी की,आरोपियों की गिरफ्तारी की और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *कुल 145 गवाह 71 के बयान और मोबाइल जब्त*

*ईओडब्ल्यू के चालान में बताया गया है कि महादेव सट्टा मामले में कुल 145 गवाह है तथा 71 लोगों के बयान दर्ज हुए हैं। जो कि महादेव सट्टा से जुड़े थे। इसके अलावा ईओडब्ल्यू ने 50 से अधिक मोबाइल और लैपटॉप जब्त कर उसकी फोरेंसिक जांच भी कराई। जो सभी तथ्यों को प्रमाणित करते है कि किस प्रकार से आरोपी महादेव सट्टा को संचालित कर रहे थे और इस गोरखधंधे में जुड़े थे।*

### किशन लाल वर्मा ने फर्जी फर्म खड़ी कर नगदी खपाई

ईओडब्ल्यू एसीबी ने कोर्ट में प्रस्तुत चालान में बताया कि किशन लाल वर्मा निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा का रिश्तेदार है। जिस पर चंद्रभूषण वर्मा काफी भरोसा करता है। चंद्रभूषण के कहने पर किशन वर्मा ने फर्जी फर्म खड़ी कर महादेव सट्टा से मिले नगदी को खपाना शो किया। किशन ने चावल और लोहे की खरीदी बिक्री का बिल प्रस्तुत किया । जो जांच में फर्जी ▶▶ शेष पेज 4 पर






# कर्फ्यू जैसे हालात के बीच निकली ब्रजमंडल यात्रा

## नूंह के नलेश्वर महादेव मंदिर में साधु-संतों ने किया जलाभिषेक

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पांडवकालीन शिव मंदिरों में कर्फ्यू जैसे हालात के बीच ब्रजमंडल यात्रा निकाली गई। नलेश्वर महादेव मंदिर पर शांतिपूर्ण तरीके से जलाभिषेक हुआ। बता दें कि बीते साल नूंह में इसी शोभायात्रा के दौरान दंगे भड़क गए थे। हिंदू- मुस्लिम समुदाय के दंगों की वजह से सनसनी फैल गई थी। लेकिन इस बार मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन और भाईचारे की मिसाल पेश की है। उन्होंने श्रद्धालुओं पर पुष्प-वर्षा की। इस मौके पर साधु-संतों ने कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश पूरे देश में गया।

मुस्लिम समुदाय ने की पुष्प वर्षा

साधु-संतों के काफिले में मौजूद रही पुलिस





### चप्पे-चप्पे पर रहा पुलिस का पहरा

गुरुग्राम से ब्रजमंडल शोभा यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा का टाइम सुबह 10 बजे का था, लेकिन करीब 3 घंटे देरी से यात्रा शुरू हुई। भक्त सोमवार सुबह गंगा जल लेकर सेक्टर 10 से नूंह के नलहड़ मंदिर के लिए निकले। साधु संतों की अगुवाई में हो रही यात्रा में पुख्ता इंतजाम किए गए। चप्पे–चप्पे पर पुलिस का पहरा था। अरावली की वादियों में नलहरेश्वर महादेव मंदिर के चारों तरफ पहाड़ी में कमांडो तैनात थे। ड्रोन से भी निगरानी की गई।

---

**महायुति में दरार! अजित का ऐलान**

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में कोई गठबंधन नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के इस ऐलान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गयी हैं कि बीजेपी-एनसीपी गठबंधन संकट में है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने भी बुधवार को राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को लेकर बड़ा दावा किया था। एनसीपी (एसपी) के प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी शायद डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को गठबंधन छोड़ने के लिए कह रही है। वहीं, एनसीपी की पुणे इकाई को संबोधित करते हुए निकाय चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान करते हुए अजित पवार ने कहा, "हमने लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा और विधानसभा चुनाव भी गठबंधन में लड़ेंगे।



# अवैध घोषित होगा अमृतपाल का चुनाव? हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**नई दिल्ली।** खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। NSA के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह के लोकसभा चुनाव के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस याचिका में खालिस्तान समर्थक सांसद और 'वारिस पंजाब दे' के चीफ अमृतपाल सिंह के चुनाव को रद्द करने की मांग की गई है। अमृतपाल सिंह के खिलाफ याचिका दायर करने वाले विक्रमजीत सिंह ने भी खडूर साहिब लोकसभा से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ा था। उसे 1420 वोट मिले थे। अमृतपाल सिंह अप्रैल 2023 से असम की जेल में बंद है। वह इस साल हुए लोकसभा चुनाव में खडूर लोकसभा सीट से बड़े मार्जिन से जीता है।

- रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट के उल्लंघन की दी गई दलील

---

केंद्र सरकार ने लोकसभा में दिया लिखित जवाब

# नीतीश की मांग सिरे से खारिज, बिहार को नहीं मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। केंद्र सरकार ने नीतीश सरकार की मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। केंद्र सरकार ने लोकसभा में इस मामले को लेकर स्पष्ट कर दिया है। जेडीयू के सांसद रामप्रीत मंडल के सवाल के जवाब में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लिखित जवाब में कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता है। चौधरी ने केंद्र सरकार की तरफ से जवाब देते हुए कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना संभव नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि स्पेशल स्टेटस के लिए जिन प्रावधानों को पूरा करना होता है, वह बिहार में नहीं है।

बता दें, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग साल 2005 से उठ रही है। सीएम नीतीश कुमार ने 2005 में मुख्यमंत्री बनते ही केंद्र सरकार से यह मांग की थी। उनके बाद राजद, लोजपा तक इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद कर चुकी है। चुनाव से पहले हमेशा यह मुद्दा जोर पकड़ता रहा है। लेकिन अब सरकार ने लिखित जवाब देकर इस मामले का पटाक्षेप कर दिया है और एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू व बिहार के सीएम नीतीश कुमार को तगड़ा झटका दे दिया है।

**केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा- स्पेशल स्टेटस के प्रावधान पूरे नहीं करता बिहार**





### 11 राज्यों को मिला है विशेष दर्जा

इस समय देश में कुल 29 राज्य और 7 केंद्रशासित प्रदेश हैं। इनमें से 11 राज्य ऐसे हैं जिन्हें विशेष राज्य का दर्जा मिला हुआ है। बिहार के अलावा आंध्रप्रदेश, ओडिशा समेत पांच राज्य ऐसे हैं जो स्पेशल स्टेट का दर्जा दिए जाने की मांग लगातार कर रहे हैं। बता दें, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275 के मुताबिक, किसी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने के प्रावधान है। कुछ पैमाने तय किए गए हैं। इनमें राज्य में पहाड़ी इलाके और दुर्गम क्षेत्र ज्यादा हों। कम आबादी वाले राज्य या जनजातीय समुदाय का ज्यादा होना। इंटरनेशनल बार्डर वाले राज्य, इसकी सरहदें पड़ोसी देशों से लगती हों। आर्थिक और आधारभूत संरचना में पिछड़े राज्य। राज्य के पास इनकम का बड़ा स्रोत ना होना।

### विशेष राज्यों को मिलती हैं यह सुविधाएं

- ▶▶ जिन राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा मिलता है, उन्हें केंद्र सरकार जो पैसे देती है। उनमें 90 प्रतिशत अनुदान होता है और 10 प्रतिशत रुपये बिना ब्याज वाले कर्ज होते हैं।
- ▶▶ विशेष राज्यों को इनकम टैक्स, जीएसटी, एक्साइज, कस्टम और कॉर्पोरेट में भी काफी छूट मिलती है।
- ▶▶ अगर विशेष राज्य पैसों को खर्च नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में बचा हुआ रकमअगले वित्त वर्ष के लिए जारी हो जाता है।

### लालू बोले- तुरंत इस्तीफा दें सीएम नीतीश

*इस मामले को लेकर बिहार में सियासत गरमा गई है। महागठबंधन ने नीतीश सरकार से इस्तीफा तक की मांग कर दी। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने हमला बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने बड़ी निर्लज्जता से बिहार को विशेष राज्य पर झुनझुना पकड़ा दिया है। "विशेष राज्य का दर्जा नहीं तो विशेष पैकेज के नाम पर ही बिहार को कुछ भी दे दें", यह कहकर जदयू भाजपा के सामने नतमस्तक है। इसलिए नीतीश कुमार को तुरंत इस्तीफ़ा दे देना चाहिए।*

---

**अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव**

# तीन भारतवंशी सांसदों ने किया कमला हैरिस का समर्थन

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी संसद में मौजूद पांच भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के फैसले की तारीफ की है, लेकिन इनमें से तीन ने ही कमला हैरिस को राष्ट्रपति बनाए जाने का समर्थन किया है। कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की पहली उम्मीदवार हैं, जो राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हो सकती हैं। साथ ही वे अमेरिका की पहली अश्वेत महिला उपराष्ट्रपति भी हैं।

अमेरिकी संसद में अभी भारतीय मूल के राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और एमी बेरा सांसद हैं, ये भी डेमोक्रेट पार्टी से जुड़े हैं। इनमें से अभी रो खन्ना, श्री थानेदार और प्रमिला जयपाल ने कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन दिया है। भारतीय जयपाल चार बार की सांसद हैं और अमेरिका के निचले सदन के लिए निर्वाचित होने वाली भारतीय मूल की पहली महिला हैं। हाल के कुछ वर्षों में डेमोक्रेट पार्टी में प्रमिला जयपाल का कद बढ़ा है। जयपाल के अलावा भारतीय मूल के रो खन्ना और श्री थानेदार ने भी कमला हैरिस के नाम का समर्थन किया। तीनों सांसदों ने जो बाइडन की भी तारीफ की।

### डेमोक्रेट पार्टी के कन्वेंशन पर टिकी निगाहें

जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर होने के बाद अगस्त में डेमोक्रेट पार्टी के नेशनल कन्वेंशन पर सभी की निगाहें टिक गई हैं। अब कन्वेंशन में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर अंतिम मुहर लग सकती है। कन्वेंशन से पहले वर्चुअली भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर सहमति बन सकती है। यदि कोई अन्य नेता राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी करता है तो उसे कन्वेंशन में 600 पार्टी सदस्यों का समर्थन हासिल करना होगा। साथ ही कन्वेंशन में भी समर्थन जुटाना होगा। अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार होंगे तो उनके बीच चुनाव होगा।



रायपुर, मंगलवार 23 जुलाई 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष द्वितीया | वर्ष : 23, अंक : 6 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

तालाब का ऐसा हाल




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कई तालाबों पर भू माफिया ने खड़ी कर दी हैं कालोनियां

# रायगढ़ के 30 तालाबों पर अतिक्रमण

## एनजीटी की सूची में मात्र 10 तालाब, एनजीटी ने कहा-छत्तीसगढ़ के 122 तालाबों पर कब्जा, हकीकत इससे भी भयावह

हरिभूमि लाइव प्रथम किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

तालाब हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत होते हैं। हमारे पुरुखों ने जल के महत्व को समझा और हर गांव, शहर में तालाब तैयार कराए। लेकिन इनकी जमीन पर भू माफिया और रसूखदारों की नजर लग गई। कब्जे कर लिए गए। दशकों तक केवल फाइलें चलती रहीं और अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने छत्तीसगढ़ सरकार को एक लिस्ट सौंपी है। इसमें 122 तालाबों का जिक्र है जिन पर कब्जा किया गया है। एनजीटी ने ▶▶शेष पेज 4 पर

### अतिक्रमण से घिरा बाघ तालाब

दो हिस्सों में बंटे रियासतकालीन बाघ तालाब के किनारे अभी भी अतिक्रमण जारी है। पहले तो बाघ तालाब को एक साथ बेचने की भी तैयारी कर ली गई थी। अभी भी टुकड़ों में बाघ तालाब की जमीन बेची जा रही है। जिसने कभी 300 वर्गफुट में एक झोंपड़ी बनाई, उसने बाघ तालाब की 3000 वर्गफुट जमीन हथिया ली है। बड़े अतरमुड़ा में वार्ड 26 मंगल भवन के पास तालाब ▶▶शेष पेज 4 पर



### 30 तालाबों में अतिक्रमण

एक जानकारी के मुताबिक्र रायगढ़ शहर की सीमा में करीब 30 तालाब हैं, जिनमें से सभी पर अतिक्रमण है। इसे हटाने की कोशिश कभी नहीं की गई। बाघ तालाब तो तकरीबन खत्म हो चुका है। फटहामुड़ा, अतरमुड़ा, विजयपुर, भगवानपुर, जगतपुर, छातामुड़ा, सांगीतराई, कोकड़ीतराई आदि सभी जगहों पर तालाबों में अतिक्रमण है।

### हटाया जाएगा अतिक्रमण

विगत एक वर्ष से लगातार चुनाव और आचार संहिता के कारण अतिक्रमण से जुड़े मामलों में कारवाई सुचारु रुप से नहीं चल सकी, लेकिन समय समय पर तालाब व नालों से अतिक्रमण हटाए गए हैं। सरोवरों के आस पास अवैध अतिक्रमण की सूची बन चुकी है जल्द ही बड़ी कार्ययोजना बनाकर कब्जे हटाए जाएंगे।

-सुनील चंद्रवंशी
आयुक्त, नगर पालिक निगम रायगढ़

### इन तालाबों पर पाया गया अतिक्रमण

नगर निगम द्वारा सर्वे कर एनजीटी को बेजाकब्जा की चपेट में आये तालाबों की सूची प्रेषित की थी जिसमें ढिमरापुर तालाब, दर्री तालाब, गंगाराम तालाब, जगतपुर तालाब, पुछापारा तालाब, बालसमुंद तालाब, कौहाकुण्डा तालाब, कैदीमुड़ा तालाब, मयाराम तालाब बोईरदादर एवं राजीव नगर तालाब शामिल हैं। गौरतलब है कि उक्त तालाबों के अलावा शहर के कई तालाब ऐसे हैं जिनमें लगातार अतिक्रमण होते गया और आज उनका अस्तित्व की समाप्ति की ओर है। इन पर नगर निगम द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।


REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## संसद का मानूसन सत्र शुरू, आज बजट, वित्त मंत्री ने पेश की आर्थिक समीक्षा

# स्वास्थ्य पर फोकस, आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी रहने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*संसद का मानसून सत्र सोमवार को शुरू हो गया। सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा, वहीं विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाए। मंगलवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। बजट से पहले पेश सरकार की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने का सतर्क अनुमान जताया गया है। सरकार ने लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत की तारीफ की।*

बजट से पहले पेश सरकार की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने का सतर्क अनुमान जताया गया है। साथ ही इसमें अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियां सृजित करने की जरूरत के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चीन से अधिक प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का समर्थन किया गया है। आर्थिक समीक्षा मुख्य आर्थिक सलाहकार कार्यालय ने तैयार की है। इसमें खाद्य पदार्थों को छोड़कर, मुद्रास्फीति का लक्ष्य तय करने पर गौर करने का भी सुझाव दिया गया है। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं। इसमें बढ़ते शेयर बाजार को लेकर भी आगाह किया गया है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है और अति आत्मविश्वास तथा ज्यादा रिटर्न की उम्मीदों के कारण सट्टेबाजी की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश समीक्षा में अप्रैल में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी ▶▶शेष पेज 4 पर

खास खबर

### टमाटर-प्याज के इसलिए बढ़ गए दाम



*आर्थिक सर्वेक्षण 2024 के अनुसार जुलाई 2023 में मौसमी परिवर्तन, सफेद मक्खी के संक्रमण जैसी विभिन्न फसल बीमारियों ने भी कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है। देश के उत्तरी हिस्से में मानसून की बारिश के समय से पहले आने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन में व्यवधान के कारण टमाटर की कीमतों में वृद्धि हुई है। प्याज की कीमतों में वृद्धि कई कारकों की वजह से हुई है। जिसमें पिछले फसल सीजन के दौरान बारिश के कारण रबी प्याज की गुणवत्ता प्रभावित होना।*

जंक फूड



करीब 54 प्रतिशत बीमारियां अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होती हैं। ऐसे में संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत है।

### आयुष्मान से सुधरी सेहत

*सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' से न केवल परिवारों के स्वास्थ्य खर्च में कमी आयी है, बल्कि इलाज पर होने वाले भारी खर्च के कारण उन्हें कर्ज में डूबने से भी बचाया जा सका है।*



### खराब मौसम से खाने पीने की चीजें महंगी

खराब मौसम, जलस्तर कम होने और फसल खराब होने की वजह से कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ है। जिसकी वजह से पिछले दो वर्षों में खाद्य पदार्थों के दाम बढ़े हैं। फसल के लिए प्रतिकूल मौसम के कारण सब्जियों और दालों का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है।

### आर्थिक मोर्चे पर ऐसी चुस्ती

- आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत रहने का अनुमान
- 2023-24 में घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया
- वैश्विक महामारी के प्रभावों से पूरी तरह निकलने के लिए घरेलू मोर्चे पर कड़ी मेहनत करनी होगी
- एआई के कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता

### संसद देश के लिए सत्र सकारात्मक हो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बजट सत्र से पहले कहा कि आज सावन का पहला सोमवार है।



इस पवित्र दिवस पर एक महत्वपूर्ण सत्र की शुरुआत हो रही है। संसद दल के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए है। 140 करोड़ देशवासियों ने बहुमत के साथ जिस सरकार को चुना, पहले सत्र में उसकी आवाज को कुचलने का ▶▶शेष पेज 4 पर

### राहुल और प्रधान के बीच हुई तीखी नोंक-झोंक

इधर, लोकसभा सदन में सोमवार को नीट के मुद्दे पर विपक्ष के नेता



राहुल गांधी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बीच धर्मेंद्र तीखी नोंक-झोंक हुई। राहुल गांधी ने देश के एजुकेशन सिस्टम को एक फ्रॉड बता दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोग मानते हैं कि यदि आप अमीर हैं और आपके ▶▶शेष पेज 4 पर

## दुर्ग तहसीलदार के पास आया पत्र, जुटाई जा रही जानकारी

# एसीबी ने महादेव एप प्रमोटर सौरभ, रवि और शुभम की संपत्ति का मांगा ब्योरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑनलाइन सट्टा महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के सट्टेबाजी मामले में एसीबी ने दुर्ग तहसीलदार से तीनों की चल-अचल सम्पत्ति का ब्यौरा मांगा है। इसे लेकर दुर्ग तहसीलदार जानकारी एकत्रित करना शुरु कर दिया है। जल्द ही एसीबी की टीम को संपत्ति से जुड़ी जानकारी सौंपी जाएगी। जानकारी के मुताबिक एसीबी ने राजस्व निरीक्षक जुनवानी, कोहका, रिसाली को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। एसीबी ने शुभम सोनी उर्फ पिंटू पिता कांतिलाल सोनी, सौरभ चंद्राकर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने डाक द्वारा नोटिस भेजा गया था। दोनों आरोपी घर से फरार हैं। आरोपियों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इस कारण अपराध विवेचना में उसके चल-अचल सम्पत्ति की जानकारी मांगी गई है। शुभम सोनी उर्फ पिंटू पिता कांतिलाल सोनी क्वार्टर नंबर ▶▶शेष पेज 4 पर

- रिसाली, खुर्सीपार, कोहका की जानकारी मांगी गई

### पत्र मिला है

एसीबी से पत्र आया हुआ है। महादेव प्रमोटर सौरभ, रवि उप्पल, शुभम सोनी के संपति का ब्यौरा मांगा गया है। जानकारी जुटाई जा रही है। मिलने के बाद एसीबी को जानकारी उपलब्ध कराया जाएगा।

- पंचराम सलामे, तहसीलदार दुर्ग

## खबर संक्षेप

### जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था



अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की।

### शत्रुघ्न सिन्हा ने ली लोकसभा की सदस्यता


**नई दिल्ली।** मशहूर अभिनेता और तृणमूल कांग्रेस के सांसद



शत्रुघ्न सिन्हा ने सोमवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही आरंभ होने के बाद सिन्हा ने शपथ ग्रहण की। वह संसद के पिछले सत्र में शपथ नहीं ले सके थे।

### गंगा नदी में चार युवकों की डूबने से मौत

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले में सोमवार को गंगा नदी में स्नान करते समय चार युवकों की



डूबने से मौत हो गई। चारों 15 से 20 साल की उम्र के थे। युवक नया टोला गांव के थे जहां से 11 युवकों का एक समूह श्रावण मास के पहले सोमवार को स्नान करने के लिए पास के घाट पर पहुंचा था। झा ने कहा, स्नान के दौरान वे तेज धारा में बह गए।

### छात्रों के लिए बीएसएफ की 'विशेष सहायता डेस्क'

**कोलकाता।** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से छात्रों की सुरक्षित वापसी में मदद के लिए भारत-



बांग्लादेश सीमा पर स्थित एकीकृत जांच चौकियों पर 'विशेष सहायता डेस्क' स्थापित किए हैं। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर छात्रों की सुरक्षित निकासी में समन्वय के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के संपर्क में है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया एक दिन

# नीट में एक सवाल के दो सही जवाब की टीम करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी 2024' से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की। आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी। शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने कहा, जैसा कि प्रश्न में दर्शाया गया है, छात्रों को अपने उत्तर के रूप में एक विकल्प चुनना था।

- नीट-यूजी पर सुप्रीम कोर्ट आईआईटी-दिल्ली को दिया आदेश



### कोर्ट ने कृपांक पर उठाए सवाल

शीर्ष अदालत ने हरियाणा के झज्जर में परीक्षा केंद्रों पर कुछ छात्रों को कृपांक और अतिरिक्त समय दिए जाने पर सवाल उठाए। पीठ ने कहा, अब हमें आंकड़े दिखाएं। अंत में, भले ही हम मान लें कि समस्याएं हुई हैं, लेकिन हम इसे राष्ट्रीय स्तर पर देख रहे हैं। हमें यह बताने के लिए आंकड़े दिखाएं कि यह व्यापक स्तर पर था। न्यायालय ने कुछ अभ्यर्थियों की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र हुड्डा से कहा कि वे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की मदद से यह स्थापित करें कि लीक का दायरा हजारीबाग और पटना से बाहर भी था।

### इधर, दुकानों पर नेमप्लेट के फैसले पर लगाई रोक

*उत्तर प्रदेश में कांवड़ रूट पर नेम प्लेट लगाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। नेम प्लेट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है और इस पर शुक्रवार तक जवाब देने को कहा है। राज्यों के जवाब देने तक आदेश पर रोक रहेगी। शीर्ष अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि दुकानदारों को पहचान बताने की जरूरत नहीं होगी। केवल खाने के प्रकार बताने होंगे।*

## सावन का पहला सोमवार...





**नई दिल्ली/वाराणसी/हरिद्वार।** सावन के पहले सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर समेत देशभर के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान महादेव का लाखों भक्तों ने दर्शन पूजन किया। हरिद्वार में बड़ी संख्या में जल लेने के लिए कांवरिए पहुंचे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर की पौड़ी पर स्नान किया।

# मुठभेड़ के बाद जंगल में पांच दिन से फंसे जवानों का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर जिले के इलमिड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद बाढ़ में पांच दिन से फंसे जवानों को सेना के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकाल लिया गया है। जवानों को कंधों पर लादकर हेलीकॉप्टर से बस तक पहुंचाया गया, फिर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक 19 जुलाई को बीजापुर के इलमिडी इलाके में मुठभेड़ हुई थी। इसके बाद बारिश शुरू हो गई और तकरीबन 5 दिनों से ग्रेहाउंड्स के जवान बाढ़ में फंसे रहे। जवानों के फंसे होने ▶▶शेष पेज 4 पर



- जवानों को कंधों पर लादकर बस तक पहुंचाया गया

### पहुंचाया गया अस्पताल

बताया जा रहा है कि, करीब पांच दिनों से जंगल में फंसे होने के बाद जवान खुद को अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं। इसके कारण जवानों को सेना के हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर कंधों पर लादकर बस तक ले जाया गया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## केंद्र ने हटाया 58 साल पुराना प्रतिबंध, संघ ने किया स्वागत

# संघ के कार्यक्रमों में शामिल हो सकेंगे सरकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। केंद्र सरकार ने 1966, 1970 और 1980 में तत्कालीन सरकारों द्वारा जारी उन आदेशों में संशोधन किया है, जिनमें सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की शाखाओं और उसकी अन्य गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाई गई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने फैसले का स्वागत किया है। संघ गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न है।

खास खबर

### संघ ने सराहा, कहा- लोकतंत्र होगा मजबूत

आरएसएस प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा, सरकार का ताजा फैसला उचित है। यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। आंबेकर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता और प्राकृतिक आपदा के समय में समाज को साथ लेकर चलने में संघ के योगदान के कारण देश के विभिन्न स्तर के नेतृत्व ने समय-समय पर संघ की भूमिका को सराहा है।



### 1966 में क्या आदेश दिया था?

*दरअसल, 7 नवंबर 1966 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। यह आदेश दिल्ली में हुए गौ-रक्षा आंदोलन के दौरान हिंसा के बाद आया था, जिसमें कई संत और गौ-भक्त मारे गए थे।*

### विपक्ष ने सरकार के फैसले पर उठाए सवाल

*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 1947 में आज ही के दिन भारत ने अपना राष्ट्रीय ध्वज अपनाया था। आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और सरदार पटेल ने उन्हें इसके खिलाफ चेतावनी दी थी। 4 फरवरी 1948 को गांधी जी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। मोदी जी ने 58 साल बाद, सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर 1966 में लगा प्रतिबंध हटा दिया है।*

## चिंतन

# आर्थिक तस्वीर मजबूत, पर अनेक सुधार भी आवश्यक

आम बजट के ठीक एक दिन पहले आई वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक समीक्षा देश की मजबूत आर्थिक तस्वीर पेश करती है। सरकार की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर रहने का सतर्क अनुमान जताया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की 8.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम है। साथ ही यह चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई के 7.2 प्रतिशत अनुमान से भी कम है। इसमें अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियां सृजित करने की जरूरत के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चीन से अधिक प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का समर्थन किया गया है। यह चौंकाने वाला है। इसमें खाद्य पदार्थों को छोड़कर, मुद्रास्फीति का लक्ष्य तय करने पर गौर करने का भी सुझाव दिया गया है। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं। समीक्षा में बढ़ते शेयर बाजार को लेकर भी आगाह किया गया है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है और अति आत्मविश्वास तथा ज्यादा रिटर्न की उम्मीदों के कारण सट्टेबाजी की संभावना है। हाल में बैंक प्रमुखों ने बैंकों में घट रही बचत जमा पर चिंता जताई है, जिसके पीछे स्टॉक मार्केट व गेमिंग की लत को कारण माना गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, अतिरिक्त क्षमता वाले देशों से सस्ते आयात की आशंका निजी पूंजी के निर्माण को सीमित कर सकती है। समीक्षा में यह स्वीकार किया गया है कि मध्यम अवधि में यदि संरचनात्मक सुधार लागू किए गए तो टिकाऊ आधार पर सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर की संभावना बनती है। समीक्षा में निजी निवेश को बढ़ावा देने, छोटी कंपनियों और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया गया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ाने, छोटी कंपनियों के लिए कारोबार को सुगम बनाने और आय असमानता पर गौर करने की भी बात कही गई है। ऑक्सफेम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में पिछले दो दशक में आर्थिक असमानता अधिक बढ़ी है। बजट में समावेशी व सस्टेनेबल विकास के कदम से आर्थिक असमानता की खाई पाटने की कोशिश होनी चाहिए। प्राथमिकताओं में शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को पाटना भी शामिल होना चाहिए। हाल के वर्षों शिक्षा व रोजगार के बीच अंतर काफी बढ़ा है, शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, इसलिए बड़े शैक्षिक सुधार की आवश्यकता है और स्किल बेस्ड शिक्षा की जरूरत है। आने वाले वक्त में देश में डिजिटल व वित्तीय क्षेत्र में स्किल बेस्ड करोड़ों जॉब सृजित होंगे। रोजगार सृजन के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने को लेकर श्रम सुधारों के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी आह्वान किया गया है। देश में बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को पहले से कहीं अधिक त्रिपक्षीय समझौते की जरूरत है। आज आने वाले में आम बजट में समीक्षा में दिए गए सुझावों पर गौर किए जाने की उम्मीद है और विकास को गति देने के साथ रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की आस है। उम्मीद है सभी वर्ग को साधने की कोशिश इस बजट में होगी।

## सारा संसार



महाराष्ट्र पुणे जिले में जुन्नार शहर में 300 मीटर ऊंची एक पहाड़ी पर स्थित शिवनेरी किला एक प्राचीन दुर्ग हैं जिसे महाराष्ट्र के सबसे प्रसिद्ध किले में से एक के रूप में जाना जाता है। महाराष्ट्र का यह प्रसिद्ध किला मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मस्थान होने के कारण प्रसिद्ध है। किले का निर्माण एक अद्वितीय त्रिकोणीय आकार में किया गया था और इसके अंदर कई मस्जिदें, तालाब और एक मकबरा था।

## समसामयिक

संजय जैन, सीए सिंघई

# बहुत हुई समीक्षा, अब उपचार का समय

मोदी 3.0 का पहला बजट मंगलवार सुबह प्रस्तुत किया जाना है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आर्थिक सर्वेक्षण की रपट रखी गई। स्वाभाविक है कि सरकार ने मौसम का उजला पक्ष रेखांकित किया किन्तु यदि भारत को विश्व की अर्थव्यवस्था की प्रथम पंक्ति में स्थान हासिल करना है तो अब समीक्षा से ऊपर उठकर गंभीर सर्जरी करना होगी। जीएसटी की सातवीं वर्षगांठ मनाने के बावजूद कानून की अस्पष्टता ऐसी है कि विभाग मनमाने ऑर्डर कर रहा है और व्यापारी दिन-प्रतिदिन के व्यापार के बजाय इनके मकड़जाल में उलझ रहा है। ऐसा लगता है कि विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों के लिए यह स्थिति दुधारू गाय सिद्ध हो रही है। यही हाल रहा तो जीएसटी के मुकदमे दीवानी मुकदमों की संख्या को पछाड़ देंगे।

उधर, इनकम टैक्स का पोर्टल जो अब तक सक्षमता की मिसाल थी जीएसटी से अधिक बुरा सिद्ध हो रहा है। सीए, कर सलाहकारों और व्यापारियों के करोड़ों घंटे अनुत्पादक कार्यों में खर्च हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का मिनिमम गवर्नमेंट का मिशन यहाँ पूरी तरह फेल होता दिखलाई दे रहा है। राज्यों के स्तर पर करों की उगाही के लिए तरह तरह के आडंबर इस रोग को नासूर में बदल रहे हैं। मध्य प्रदेश में स्टाम्प ड्यूटी का खेल जग जाहिर है। यदि कोई दो मित्र भागीदारी करके कोई उद्यम लगाना चाहें तो उन्हें 15000 रुपये सरकार को भरने होते हैं जो सुविधा शुल्क के अलावा होते हैं। भांति-भांति की अनुज्ञा, अनुसंशा और आज्ञा के लिए जो खर्च होगा वह इसके अलावा है। सरकारी महकमे की गलतियों, अविवेक और मूर्खताओं के लिए किसी प्रकार का कोई दंड नहीं है किन्तु यदि आप सरकारी प्रेम पत्र का उत्तर समय से नहीं दे पाएं तो 10000 रुपये की चिट्ठी निकलते देर नहीं लगती।

प्रधानमंत्री आर्थिक विकास के लिए अर्थतंत्र का स्वास्थ्य बहुत जरूरी है और उसके लिए सरल कानून, कम से कम फ़ॉर्मेलिटी, एकल खिड़की प्रणाली और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण बहुत आवश्यक है। इसके लिए वित्तीय कानूनों में समुचित सुधार जरूरी हैं। यह बात गले नहीं उतरती कि जब आप टैक्स में अदायगी पर देरी के लिए ब्याज ले रहे हैं तो फिर पेनाल्टी क्यों लगना चाहिए? फिर जो ब्याज आप करदाता से लेते हैं क्या उतना ही उसके रिफ़ंड पर भी देते हैं ? रिफ़ंड में देरी पर क्या आपके अधिकारी पर कोई पेनाल्टी लगती है? श्रीमान स्वस्थ आर्थिक तंत्र ही देश की मजबूती का आधार है जिसके लिए करदाता पर भरोसा जरूरी है। देखें कि निर्मला बहन जी के पिटारे से इस बार करदाता को क्या मिलता है?

# बजट में सुधार के रोडमैप की उम्मीद



आम बजट 24-25

शंभू भद्र

बजट में लाभार्थी क्लास ज्ञान (गरीब, युवा, किसान व महिला शक्ति) के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं। आयुष्मान योजना के स्वरूप व दायरे में बदलाव हो सकता है। आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की बड़ी मांग है, वित्त मंत्री को दस से बारह लाख रुपये सालाना आय को टैक्स से मुक्त करना चाहिए। बजट में नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को लेकर कुछ नई घोषणाएं हो सकती हैं। यदि सरकार सभी 25 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए 30 वर्ष की अवधि तक हेतु अनिवार्य पेंशन योजना लेकर आएगी तो सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ सकती है। बजट को मैक्रो नहीं माइक्रो बनाना चाहिए। रेल बजट व कृषि बजट को आम बजट से अलग करना चाहिए।

आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। महिला वित्त मंत्री के रूप उनका यह नया रिकार्ड होगा। निर्मला मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। भाजपा को नहीं, राजग को जनादेश के चलते वित्त मंत्री इस बार दबाव में होंगी। जहां मजबूत विपक्ष का सरकार पर दबाव है, वहीं टीडीपी व जदयू जैसे सहयोगी दलों का भी दबाव है। इस दबाव का असर बजट पर जरूर दिखेगा। बजट से लोगों की अपेक्षाओं को जानने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौ जून को शपथ के बाद से कई बैठकें की हैं, उनकी मांगों की छाप भी बजट में दिखेगी। आंध्र प्रदेश व बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना सरकार के वित्तीय सहूलियत के हिसाब से आसान नहीं होगा। इसलिए बजट में इसकी उम्मीद कम है। भाजपा पर अपने चुनावी वादे पूरे करने का भी दबाव है। इतना ही नहीं सरकार विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे संकल्पों से भी लदी हुई है। बजट पर इन संकल्पों का भी प्रभाव रहेगा। लाभार्थी क्लास ज्ञान (गरीब, युवा, किसान व महिला शक्ति) के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं।

आयुष्मान योजना के स्वरूप व दायरे में बदलाव हो सकता है। मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्पपत्र जारी करते हुए कहा था कि 70 साल से ऊपर के सभी नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। सरकार का ध्यान हेल्थ बीमा योजनाओं के साथ स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी दूर करने पर होना चाहिए। सरकार इस बजट में स्वास्थ्य सेक्टर को प्रायोरिटी पर ले सकती है।

नौकरी पेशा मध्यवर्ग की ख्वाहिश आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की है, वित्त मंत्री को दस से बारह लाख रुपये सालाना आय को टैक्स से मुक्त करना चाहिए, इससे सरकार की कर वसूली पर बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा, केवल चार फीसदी लोग ही आयकर के दायरे में हैं। कर छूट सीमा बढ़ाने से बचत के रूप में बैंकों में जमा बढ़ेगी व कंज्यूमर उत्पाद सेक्टर को लाभ होगा। उच्च महंगाई के दौर में ढाई से तीन लाख तक की आयकर छूट सीमा कुछ भी नहीं है। आयकर छूट की सीमा को इतना कम रखना न अच्छा अर्थशास्त्र है, न अच्छी राजनीति है। सरकार इस मांग को बजट दर बजट इग्नोर करती रहेगी, तो अपनी लोकप्रियता भी खोती रहेगी। इस बजट में वित्त मंत्री आयकर सीमा को लेकर उदार कदम उठा सकती है, हालांकि अधिकांश अर्थशास्त्रियों को इसकी उम्मीद कम है। चूंकि आगे पांच राज्यों में कुछेक महीने के बाद विधानसभा चुनाव हैं, जहां भाजपा व राजग की साख दांव पर हैं, इसलिए बजट में कुछ लोकलुभावन जैसी टोकन योजना हो सकती है, जिसकी भाजपा को अधिक जरूरत है, क्योंकि अब 'मोदी की गारंटी' काम नहीं कर रही है। भाजपा अगर इस आम चुनाव में अपनी कम सीटें मिलने का ईमानदारी से अध्ययन करेगी, तो पाएगी कि ब्रांड मोदी का प्रभाव कम हुआ है, इसलिए अब ब्रांड स्कीम्स पर फोक्स करना होगा। इस बार के बजट में ब्रांड स्कीम्स पर जोर हो सकता है।




सरकार पर आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाने का दबाव है। बजट में रिफॉर्म के कदम दिख सकते हैं, जिसमें हाईवे, पोर्टवे, एयरपोर्टवे, डिजिटलवे, ग्रीनवे, इलेक्ट्रिकलवे पर फोकस हो सकता है, ग्रामीण और कृषि क्षेत्र के लिए आवंटन बढ़ाया जा सकता है और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाया जा सकता है। रिकार्ड जीएसटी वसूली के चलते अब अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में जीएसटी परिषद को अपनी दरों को कम करने पर विचार करना चाहिए। जीएसटी दरों में कमी से महंगाई से राहत मिल सकती है। हालांकि बजट में जीएसटी को लेकर किसी कदम की उम्मीद कम है।

कोविड महामारी के बाद से सरकार की राजकोषीय रणनीति में सामाजिक सुरक्षा योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। इसलिए बजट में अंत्योदय, पीडीएस, मुफ्त अनाज, मनरेगा, सब्सिडी, किसान निधि, उज्ज्वला जैसी योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ सकता है। इस तीन तिमाही वाले बजट में पहले से चिन्हित सभी सात प्राथमिकताओं- समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता का पूर्ण उपयोग, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र के विस्तार पर फोकस जारी रखे जाने की संभावना है। यह बजट जहां जीडीपी ग्रोथ बढ़ाने वाला होगा, वहीं सस्टेनेबल ग्रोथ को भी गति देने वाला होगा।
इस आम बजट में नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को लेकर कुछ नई घोषणाएं हो सकती हैं। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस को लेकर समिति भी गठित की थी। लेकिन यदि सरकार सभी 25 वर्ष से ऊपर के नागरिकों के लिए 30 वर्ष की अवधि तक हेतु अनिवार्य पेंशन योजना लेकर आएगी तो सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांति आ सकती है। अलग-अलग पेंशन योजनाएं लागू करने के बजाय सरकार को एक अनिवार्य राष्ट्रीय पेंशन योजना लेकर आना चाहिए, जिसमें 25 वर्ष की उम्र से अधिक के सभी नागरिकों को अपनी पेंशन के लिए मासिक एक न्यूनतम राशि का अंशदान अनिवार्य रूप से करना होगा, चाहे नागरिक कोई भी काम करता हो, निजी क्षेत्र में नौकरी या सरकारी क्षेत्र में या फिर अपना उद्योग-व्यापार। अंशदान 30 वर्ष के लिए अनिवार्य होगा। इरडा से रेगुलेट करे और ईपीएफओ पेंशन फंड का प्रबंधन करे। इस पेंशन योजना को लागू करने से सरकार सामाजिक सुरक्षा स्कीमों से धीरे धीरे मुक्त होती जाएगी, नागरिक स्वयं अपने भविष्य को सुरक्षित करेगा। सरकार को यह फायदा होगा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर कोष के लिए कभी फंड की कमी नहीं आएगी, क्योंकि करोड़ों नागरिकों का नियमित अंशदान सरकार के पास बड़ी रकम के रूप में आएगी। राष्ट्रीय पेंशन योजना को एलआईसी की तरह सरकार ही चलाए, इसमें निजी क्षेत्र न हो। एनपीएस एलआईसी से बड़ा कोष साबित होगी।

पिछले दसेक वर्ष में मोदी सरकार ने जिस तरह योजना आयोग को नीति आयोग बनाकर वित्त वर्ष की योजना का तीन वर्षीय, पांच वर्षीय और पचीस वर्षीय योजना आदि से घालमेल कर दिया है, रेल बजट को खत्म कर दिया है, उससे आम बजट की अहमियत घटी है, बजट में एक वित्त वर्ष के दौरान आर्थिक लक्ष्य हासिल करने की कार्ययोजना नहीं रहती है। लगता है जैसे आम बजट राशि आवंटन के ऐलान का दसतावेज बन कर रह गया है। कायदे से बजट में एक वित्त वर्ष में आर्थिक लक्ष्य पाने का एक्शन प्लान होना चाहिए, इससे संबंधित विभाग व मंत्री-अफसर की जिम्मेदारी तय होगी, अगले तीन साल में, अगले पांच साल में देश की अर्थव्यवस्था कहां होगी, उसका भी रोडमैप बजट में होना चाहिए और अगले 20 से 25 वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा क्या होगी, भारत किस नए आर्थिक क्षेत्र में ताकत बनकर उभरेगा, बजट में इसकी दृष्टि भी होनी चाहिए। बजट को मैक्रो नहीं माइक्रो बनाना चाहिए। रेल बजट व कृषि बजट को आम बजट से अलग करना चाहिए। आर्थिक लोकतंत्र व आर्थिक विकेंद्रीकरण से देश अधिक तेजी से सस्टेनेबल विकास कर पाएगा। बजट जनाकांक्षाओं को पूरा करेगा।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बड़े भाग मानुष तनु पावा




संकलित

**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।

## अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानसून में भी कम बारिश क्यों


विशेषज्ञ बता रहे हैं कि कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हुई। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। जुलाई और अगस्त देश के लगभग सभी राज्यों के लिए मानसून के महीने माने जाते हैं। अगस्त महीने में मानसून की यौवनावस्था होती है। विचार करने वाला और चिंता का विषय तो यह है कि आखिर इन राज्यों में मानसून क्यों कमजोर पड़ रहा है? कहीं यह भी ग्लोबल वार्मिंग के लक्षण तो नहीं हैं? कहीं इसका कारण धड़ाधड़ वृक्षों पर चलती कुल्हाड़ी तो नहीं है? घटती हरियाली और बढ़ती कंक्रीट के जंगलों की संख्या बारिश कम होने के कारण तो नहीं हैं? कम बारिश सचुमच ही बहुत बड़ा चिंता का विषय है।

*– मुकेश पाटिल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### ट्रंप की उम्मीदवारी पर मस्क और खोसला में जुबानी जंग

अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई "कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति ने सवाल किया, "वह मेरे करों में कटौती कर सकते हैं या कुछ विनियमन में राहत दे सकते हैं, लेकिन यह उनके व्यक्तिगत मूल्यों में व्याप्त भ्रष्टता को स्वीकार करने का कोई कारण नहीं हो सकता। क्या आप एक ऐसा राष्ट्रपति चाहते हैं, जो अपने पहले वर्ष में जलवायु प्रगति को एक दशक पीछे धकेल दे? क्या आप अपने बच्चों को अच्छे मूल्य सिखाते समय उदाहरण के रूप में उन्हें पेश करना चाहते हैं? खोसला के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा, 'ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं।



## ऑफ बीट

### अकेलापन स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है

लाखों कनाडाई अकेले हैं। यह चिंताजनक है क्योंकि अकेलापन, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' के रूप में परिभाषित किया गया है, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों में गिरावट की भविष्यवाणी करता है। शोध से पता चलता है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव प्रति दिन 15 सिगरेट पीने के बराबर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। अकेलेपन से निपटने के लिए, लोगों को आमतौर पर सामाजिक संबंध तलाशने की सलाह दी जाती है। कई लोगों के लिए, यह मार्गदर्शन प्रियजनों, जैसे करीबी दोस्तों, परिवार और रोमांटिक साझेदारों के साथ समय बिताने की याद दिलाता है। लेकिन क्या ऐसे अन्य लोग भी हैं जिन तक हम पहुंच सकते हैं? हाल ही में संचार मनोविज्ञान में प्रकाशित हमारे शोध में हमने जांच की कि क्या लोगों के पास 'पुराने दोस्त' हैं – ऐसे व्यक्ति जिनकी वे परवाह करते हैं लेकिन जिनके साथ उनका संपर्क टूट गया है – और कितनी आसानी से इन रिश्तों को फिर से जीवंत किया जा सकता है। हमने पाया कि कुछ रणनीतियाँ लोगों को फिर से जुड़ने में मदद कर सकती हैं – और, नए शोध में, हमें यह समझ में आ रहा है कि कुछ मूल्य और व्यक्तित्व लक्षण लोगों के लिए भविष्य में संपर्क में रहना आसान बना सकते हैं।



## ट्रेंड

### सिर्फ इतिहास नहीं

विरासत सिर्फ इतिहास नहीं है। यह मानवता की साझा चेतना है। हमें वैश्विक कल्याण को बढ़ाने और गहरे संबंध बनाने के लिए इसका लाभ उठाना चाहिए। विरासत ही हमें बेहतर बनने और मानवता को प्रेरित करती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### आसान सा सवाल

मुद्दा यह है कि जो कुछ हो रहा है, उससे देश के लाखों छात्र बेहद चिंतित हैं। लाखों लोग मानते हैं कि अगर आप अमीर हैं तो आप भारतीय परीक्षा प्रणाली को खरीद सकते हैं। इसीलिए हम माननीय मंत्री से कुछ बहुत आसान सा सवाल पूछ रहे हैं।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता



### सबूत मिल सकते हैं

जब भी सरकार इनकार करना बंद कर दे, तो कृपया मेरे द्वारा वीडियो में सूचीबद्ध किए गए कई पेपर लीक मामलों में से एक की जांच करें। जिसके बारे में आपने अभी इनकार किया है कि ऐसा कभी हुआ था। इस बार आपको सबूत भी मिल सकते हैं। पूरा मामला साफ हो जाएगा।

-राघव चड्ढा, आप नेता



### क्या होने वाला है

मेरे सबसे बुद्धिमान मित्र, जिनमें सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लोग भी शामिल हैं, जो ट्रम्प/वेंस को लेकर उत्साहित हैं। वे लागातर इसे बारे में चर्चा कर रहे हैं क्या होना वाला है।

-एलन मस्क, उद्योगपति



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




*E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP.*

**VISHWABHARTI AUTOMOBILES**
**RAIPUR: MOWA:** 6262620000, 6262620012, 6262620047. **BASNA:** 6262620031. **ARANG:** 6262620007/14.

**HDN MOTORS**
**RAIPUR: TATIBANDH:** CALL: 7909800007, 7909800005. **BAGBAHRA :** 7909800034. **KURUD:** 7909800050. **SIMGA:** 7909800070.

**CHOUHAN AUTOMOBILES**
**BHILAI:** 7222910011, 22, 33. **KAWARDHA :**7222910044. **BEMETERA:** 7222910025. **BALOD:** 7222910012. **DALLIRAJHARA:** 7222910029

**SKY AUTOMOBILES**
**RAIPUR: MAHOBA BAZAR:** CALL: 9893307422,9584433191. **AVANTI VIHAR:** CALL: 9109900120, 9584433131. **DHAMTARI:** CALL: 9893307417. **BALODA BAZAR:** CALL: 9584433123, 9111107004. **SARAIPALI:** CALL: 9584433874. **KANKER:** 8889998604. **KASDOL:** 9584433135. **SARSIWA:** 9584433874. **TILDA:** 9584465301. **KHARORA:** 9584465301. **ABHANPUR:** 9584466869. **JAGDALPUR:** 9584433110, 9584465281. **KONDAGAON:** 7909903505.

**SPARSH AUTOMOBILES**
**RAIPUR: PACHPEDI NAKA:** CALL: 9926127774, 8435059922. **MAHASAMUND:** CALL: 8435019922. **RAJIM:** CALL: 9926104449. **BHATAPARA:** CALL: 9285505780. **GARIYABAND:** 9753225616. **PITHORA:** 9926602080. **CHARODA:** CALL: 6262043029. **DURG:** CALL: 6262043029. **DONGARGARH:** CALL: 9827643832. **RAJNANDGAON:** CALL: 9977039992. **BHILAI:** CALL: 9826440009, 9689214825. **KHAIRAGARH:** 8839811678.

*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.

## जैकेट के शेष

### अवैध रेत खनन पर...

में अवैध उत्खनन के मामलों को लगातार उठाया। मामले में कुल 8 करोड़ 97 लाख 69 हजार रुपए की समझौता राशि वसूल की गई है। इन प्रकरणों में पुलिस, खनिज, परिवहन, वन, राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जाती है। मामले में प्रशासन के द्वारा कार्रवाई न करने को लेकर सत्ताधारी विधायकों ने सवाल उठाए। मानसून सत्र के पहले दिन रेत के अवैध उत्खनन के लगभग 14 मामलों पर सवाल किए गए। मामले में विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब भी दिए हैं।

**अंबिका मरकाम ने धमतरी का मामला उठाया :** कांग्रेस विधायक अंबिका मरकाम ने धमतरी जिले में रेत खनन पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यहां पर रेत खनन से कितनी रायल्टी प्राप्त हुई। जवाब में बताया गया कि जिले में नगर पंचायत में कोई रेत खदान स्वीकृत नहीं है। ग्राम पंचायतों में स्वीकृत रेत खदानों से वर्ष 2021-22 में कुल 6 करोड़ 28 लाख 20 हजार, वर्ष 2022-23 में 5 करोड़ 97 लाख और वर्ष 2023-24 में 4 करोड़ 86 लाख रुपए रायल्टी और नीलामी में मिली।

**ओंकार साहू ने उठाया मुद्दा :** धमतरी जिले के संबंध में विधायक ओंकार साहू के सवाल के जवाब में बताया गया कि यहां पर अवैध उत्खनन और भंडारण के कुल 163 प्रकरण दर्ज किए गए। मामले में 1.31 करोड़ रुपए का समझौता शुल्क खनिज विभाग ने वसूल किया।

**खनिज उड़नदस्ता दल करता है जांच :** कांग्रेस विधायक शेषराज हरबंश ने पूछा कि जांजगीर जिला में अधिसूचित रेत खदानों में से कितने में लीज की शर्तों का पालन किया गया। इसका पालन कराने के लिए कौन जिम्मेदार है। इन खदानों से शासन को कितनी रायल्टी प्राप्त हुई और लीज में नहीं दिए गए खदानों के कारण शासन को कितनी हानि हुई। जवाब में बताया कि जिला जांजगीर में कुल 24 अधिसूचित रेत खदान हैं। इनमें से ग्राम बरबसपुर और घुठिया में रेत खदान संचालित हैं। चांपा, लछनपुर और नवागांव में स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन है। वहीं 19 खदानों की लीज अवधि समाप्त होने के बाद लीज पर नहीं दिया गया है। यहां पर बम्हनीडीह, नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा और बलौदा में अवैध उत्खनन के 21 और अवैध परिवहन के 322 प्रकरण तैयार किए गए हैं।

**अवैध रेत चोरी कर डंप करने पर कार्रवाई :** कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध रेत चोरी कर डंप करने का मामले में विधानसभा में सवाल लगाया। उन्होंने पूछा कि डंप रेत को किन नियमों के तहत हटाया गया। जवाब में बताया कि अप्रैल से लेकर जून माह तक डोंगरगांव के मुड़पार में अवैध रेत चोरी कर रास्ते मेंडंप करने कर एसडीएम के द्वारा कार्रवाई की गई। जवाब में कहा गया कि खनिज अधिनियम के तहत 624 घनमीटर रेत के लिए 6 लाख 24 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। वहीं राजनांदगांव में अवैध उत्खनन का 1 और अवैध भंडारण के 9 प्रकरण दर्ज किया गया है।

### अनिला भेंडिया ने पूछा-क्या ...

अवैध परिवहन में 106 वाहन एवं अवैध उत्खनन के 15 प्रकरणों में खनिज नियमों के तहत 26 लाख 525 रुपए एवं अवैध उत्खनन के पर 12 लाख 34 हजार से अधिक का समझौता शुल्क वसूल किया गया।

### बलौदाबाजार हिंसा पर...

को लेकर शून्य काल में कांग्रेस सदस्य भूपेश बघेल सदन में चर्चा के लिए जैसे ही खड़े हुए, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा, इसी सदन में खाद्य विभाग के सवाल को न्यायालय में लंबित होने के आधार पर नहीं सुना गया था। बलौदाबाजार की घटना पर न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। ऐसे में इस मामले को सदन में उठाये जाने पर आसंदी अपनी व्यवस्था दे। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि न्यायिक जांच आयोग के जांच का दायरा काफ़ी विस्तृत होता है। हाईकोर्ट के जस्टिस की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। ऐसे मामलों की चर्चा नहीं हो सकती, जो न्यायालय में लंबित है। इस पर भूपेश बघेल ने कहा, नियमों में यह स्पष्ट है कि अध्यक्ष अपने विवेक से अनुमति दे सकते हैं। अध्यक्ष की अनुमति से न्यायालय में प्रक्रियाधीन विषय पर चर्चा की जा सकती है। जांच आयोग का क्षेत्र सीमित है। बलौदाबाजार की घटना में कलेक्टर-एसपी कार्यालय में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। पहले भी न्यायिक और अर्ध न्यायिक प्रकरणों पर सदन में चर्चा होती रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी व्यवस्था में कहा, स्थगन प्रस्ताव के विचार सुन रहा हूं। अतः उन्होंने अजय चंद्राकर की आपत्ति अमान्य कर दी।

### एसपी-कलेक्टर की भूमिका...

भूपेश बघेल ने कहा कि 15 मई से 10 जून तक का वक़्त बड़ा होता है। समाज के आक्रोश को कम किया जा सकता था। उन्होंने कहा, समाज ने आंदोलन की अनुमति मांगी थी। राज्य के बाहर से भी लोग आये। नागपुर से भी लोग पहुंचे। दस हजार से ज़्यादा लोग जुटे थे। एसपी-आईजी, कलेक्टर कोई मौजूद नहीं था। सभास्थल पर ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया। एसपी-कलेक्टर की भूमिका संदेहास्पद है। भोजन और टेंट की व्यवस्था कलेक्टर ने की थी। देश के इतिहास में कभी कलेक्टर कार्यालय में आगजनी नहीं हुई। ये घटना एक धब्बा है। सफ़ेद कपड़ा पहने लोगों को पुलिस ने उठाया। पुलिस दुर्भावना में काम कर रही है। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू का भतीजा भी सिर्फ़ इसलिए पीटा गया, क्योंकि उसने सफ़ेद कपड़ा पहन रखा था।

### प्रदेश की समरसता खत्म...

जानना चाहते हैं कि कौन ऐसे लोग हैं, जो छत्तीसगढ़ की सद्भावना को मिटाना चाहते हैं। हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं।

### निर्दोष लोगों की...

है। पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा, हम नारा लगाते हैं कि सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया, लेकिन बलौदाबाज़ार का कलेक्टर ऑफिस भी सुरक्षित नहीं। कलेक्टर-एसपी इस घटना के जिम्मेदार हैं। साय सरकार ने दोनों को निलंबित कर दिया। इन लोगों को जेल भेज देना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और...

की कमी परिलक्षित हो रही थी। इन कारणों से सर्वप्रथम युक्तियुक्तकरण करना पहली प्राथमिकता होगी। कुछ स्कूलों में जहां विषय संकाय है वहां शिक्षक नहीं है, जहां विषय संकाय नहीं है वहां शिक्षक हैं। कुछ स्थानों पर राज्य के अनुपात से भी बहुत कम विद्यार्थियों पर शिक्षक है। कुछ स्थानों पर तो 4-5 विद्यार्थी पर एक शिक्षक है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया हेतु ऐसे स्कूलों का चिन्हांकन किया जा रहा है और शीघ्र ही सभी स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना कर दी जाएगी। इससे सभी स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध हो जाएंगे और शिक्षा का स्तर और भी अच्छा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षकों की व्यवस्था के साथ ही अधोसंरचना विकास पर भी हम काम कर रहे हैं।

### बस्तर में बारिश...

वार्निंग के बाद जलस्तर घटने लगा है।गोदावरी उग्र रूप धारण कर अपनी पहली वार्निंग 43 फीट को क्रॉस कर दूसरी 48 फीट को भी पार कर लिया है। जिसके चलते कोण्टा सहित आंध्रप्रदेश तेलंगाना के शबरी गोदावरी तटीय क्षेत्रों पर बसे सैकड़ों गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है । राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में चट्टी के पास शबरी नदी के उफान पर होने से मार्ग बाधित है । जो छत्तीसगढ़-ओड़िशा से निकल कर आंध्रप्रदेश से तेलंगाना की ओर जाता है।

**राहत सेंटर बनाए गए :** शबरी नदी के उफान पर होने तथा गोदावरी में लगातार बढ़ते जलस्तर से बैक वाटर का खतरा बना हुआ है। जिसके चलते कोण्टा नगर में उत्पन्न होने वाली परेशानियों को ध्यान देते हुए कलेक्टर सुकमा हरिस एस. ने कोंटा नगरवासियों के लिए राहत शिविर बनाए गए हैं। कोंटा नगर के वार्ड नंबर 14 एवं 15 के प्रभावित लोगों के लिए सामुदायिक भवन कोण्टा, वार्ड नंबर 11,12 एवं 13 के प्रभावित लोगों हेतु डीएवी स्कूल कोण्टा और वार्ड नंबर एक से 10 तक के प्रभावित लोगों के लिए एकलव्य आदर्श विद्यालय कोण्टा में राहत शिविर स्थल चिन्हांकित किया गया है। जहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

**किरंदुल दर्जनभर मवेशी बहे, 50 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त :** दंतेवाड़ा। जिले के किरंदुल में जल प्रलय का तांडव देखने को मिला। यहां तटबंध टूटने से लाल मिट्टी लोगों के घरों में घुस गई। एक दर्जन से अधिक मवेशी बहे, 50 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को जैसे ही पता चला, उन्होंने तत्काल एक टीम गठन कर किरन्दुल भेजा। एसडीएम व तहसीलदार के समझाने के बाद और उनसे मिले आश्वासन के बाद महिलाएं चक्काजाम से हटी। गाटर पुलिया में पुरी तरह से लाल मिट्टी का कीचड़ जमा हो गया। यहां आस-पास रहने वाले लोगों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बंगाली कैंप पूरी तरह से पानी की चपेट में आ गया है। कई घरों की दीवारों में दरारे पड़ गई। रविवार को लोग बहुत भयभीत थे। घर के बाहर पानी के तेज बहाव के चलते नही निकल पा रहे थे और घर के अंदर दरकती दीवारें भयातुर कर रही थी। लोगों ने बड़े करीब से इस मंजर को देखा है। यही कारण है महिलाओं को सड़क पर उतरने मजबूर कर दिया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 1,2,3 और चार भी जल प्रलय से अछूते नहीं रहे। तटबंध टूटने के पीछे की बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका और प्रबंधन के बीच दो वर्ष से मनमुटाव चल रहा है। 11बी के ऊपर दो डेम स्थित है। मुख्य डेम की दीवार टूटी है। इस डेम के नीचे एक और डेम स्थित है। दो वर्षों से जमी लाल मिट्टी को निकाला ही नहीं गया। एनएमडीसी प्रतिवर्ष टेंडर कर मिट्टी को निकलवाती है। नगर पालिका की लापरवाही के चलते पानी ने प्रहार किया है। बारिश इतनी तेज थी पानी के दबाव को दीवारें सहन नहीं कर सकी। दीवार में दरार आई और पानी के फोर्स के आगे यह बंध टिक नहीं सका। जितना मलबा युक्त पानी था सड़क और लोगों के घरों में जा घुसा। तेज बहाव के साथ आई मिट्टी ने लोगों की सांसे रोक दी। इस बहाव में करोड़ों का नुकसान बताया जा रहा है। अभी प्रशासन घर-घर सर्वे करवा रही है। इस सर्वे में दो से तीन दिन लगेगा। इसके बाद कितनी क्षति हुई है सही आंकलन निकल कर बाहर आएगा। प्रशासन प्रकरणों को तैयार कर मुआवजा वितरण करेगा।

### सीआरपीएफ जवानों ने...

जवानों ने नम्बीधारा नदी में प्रसूति महिला और नवजात शिशु को रेस्क्यू कर सुरक्षित नदी पार करवाया। उसके बाद जवानों ने नवजात शिशु और माता को उपचार के लिए उसूर स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रवाना किया। विदित हो कि उसूर और नम्बी के मध्य बहने वाली नम्बीधारा नदी में तेज बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति थी।

### महादेव एप-कोल घोटाले में...

उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ भी किया। जिसके बाद महादेव सट्टा और कोल घोटाले में बड़े खुलासे भी हुए। महादेव सट्टा मामले में ईडी ने जितनी कार्रवाई की थी उससे आगे बढ़ते हुए ईओडब्ल्यू एसीबी ने नई गिरफ्तारी की। जिसमे राहुल वक्टे और रितेश यादव की गिरफ्तारी महत्वपूर्ण रही। दोनों महादेव सट्टा से आने वाली नगदी को निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा तक पहुंचाते थे। इन दोनों की गिरफ्तारी से ही प्रूफ हुआ कि हवाला के जरिए करोड़ों की नगदी का लेनदेन हुआ। वही अमित अग्रवाल ने ईओडब्ल्यू की पूछताछ में खुलासा किया कि उसने बड़े पैमाने पर अचल संपत्ति में निवेश किया था।

**बैंक खाते में 6 करोड़ होल्ड :** ईओडब्ल्यू ने तीन महीने के रिकार्ड समय में जांच के अलावा वित्तीय मामलों में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। महादेव सट्टा से जुड़े आरोपियों के खाते में जमा करीब 6 करोड़ रुपए को बैंक में होल्ड कराया गया। इसमें से करीब 50 लाख रुपए चंद्रभूषण वर्मा के थे। इसके अलावा रायपुर पुलिस को सहयोग करते हुए कई पैनल ऑपरेटर और गुर्गों की गिरफ्तारी भी पुणे और कोलकाता से की।

**महादेव सट्टा में दस लोगों के खिलाफ चालान पेश :** ईओडब्ल्यू और एसीबी ने महादेव सट्टा मामले में पहला चालान विशेष कोर्ट में पेश किया। इस मामले में दस लोगो के खिलाफ चालान पेश हुआ है। ईओडब्ल्यू और एसीबी ने राहुल वक्टे,रितेश ,यादव चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर ,सुनील कुमार दम्मानी,भीम सिंह यादव, अमित कुमार अग्रवाल, अर्जुन सिंह यादव, नीतीश दीवान और किशन लाल वर्मा के खिलाफ अभी चालान पेश किया है। इसके अलावा महादेव सट्टा के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल,शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल उर्फ अतुल अग्रवाल के खिलाफ फरारी में चालान पेश किया गया है।

**कोल घोटाले की जांच से जुड़े अफसरों ने नही ली छुट्टी :** ईओडब्ल्यू और एसीबी ने 20 मार्च से कोल घोटाले की जांच शुरू की। क्योंकि यह काफी हाई प्रोफाइल मामला था। इसलिए इसकी जांच में एडिशनल एसपी स्तर से लेकर अधीनस्थ अधिकारियों ने पुरी गंभीरता से मामले की विवेचना की। चालान पेश करने तक की अवधि मे किसी भी अधिकारी ने कोई छुट्टी नहीं ली। इसके अलावा ईडी ने जिन लोगों की गिरफ्तारी की थी। उन सभी को पुनः गिरफ्तार का ईओडब्ल्यू ने रिमांड पर लिया और उनसे पूछताछ की। इसके बाद सात अलग-अलग आदमियों की गिरफ्तारी भी इस मामले में हुई।

**ईओडब्ल्यू एसीबी ने की 7 नई गिरफ्तारी :** कोल घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू एसीबी ने विशेष कोर्ट में पेश किए गए चालान में 15 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें सात आदमियों की गिरफ्तारी ईओडब्ल्यू और एसीबी ने केस की जांच शुरू करने के बाद की। बाकी लोगों की गिरफ्तारी ईडी द्वारा की गई थी। जिन सात लोगों की गिरफ्तारी ईओडब्ल्यू और एसीबी ने की है, उनके नाम चंद्रप्रकाश जायसवाल, शेख मोइनुद्दीन कुरेशी ,पारेख कुर्रे, राहुल सिंह,रोशन कुमार सिंह और वीरेंद्र जायसवाल है। इसके अलावा कोल घोटाले मामले में निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया,निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई, शिव शंकर नाग,संदीप कुमार नायक, सूर्यकांत तिवारी निखिल, चंद्राकर और लक्ष्मीकांत तिवारी भी आरोपी बनाए गए हैं।

**आरोपी जहां ठहरते वहां के बिल भी है चालान में :** बताया जा रहा है कि लेवी वसूलने के लिए सूर्यकांत तिवारी अक्सर रायगढ़ आना जाना करता था। इसके अलावा वहां पर अधिकांश आरोपियों की बैठक होती थी। जिस होटल और गेस्ट हाउस में आरोपी ठहरते थे वहां के बिल और दस्तावेज भी ईओडब्ल्यू एसीबी ने चालान में प्रस्तुत किया है।

**गवाहों के बयान,बिश्नोई के ऑर्डर वाले दस्तावेज भी :** ईओडब्ल्यू एसीबी ने चालान पेश करने से पहले गवाहों के बयान लिए। कोई भी गवाह बाद में मुकर न पाए इसलिए करीब एक दर्जन गवाहों के 164 का बयान कोर्ट में कराया। केस को पुख्ता करने और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के संकल्प के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी पेश किए गए है। जिसमे समीर बिश्नोई द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन खनिज रॉयल्टी संबंधी वाले ऑर्डर के कापियां भी शामिल है। इसके अलावा आरोपियों से जब्त मोबाइल और डेटा को भी कोर्ट के समक्ष रखा गया है।

**पूरक चालान भी होगा पेश :** ईओडब्ल्यू और एसीबी सूत्रों के अनुसार 90 दिन की अवधि में महादेव सट्टा और कोल घोटाले के चालान पेश हो गए है। अब भी दोनो ही मामले में नए खुलासे और कई गिरफ्तारी की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए ईओडब्ल्यू और एसीबी दोनो मामले में आने वाले दिनों में पूरक चालान भी पेश करेगी।

### किशन लाल वर्मा ने फर्जी...

पाए गए। इसके बाद ईओडब्ल्यू ने करीब 12 राइस मिलर को गवाह बनाते हुए कोर्ट में उनका 164 का बयान भी कराया है।

## पेज एक के शेष

### रायगढ़ के 30 तालाबों...

कब्जा हटाने के लिए टाइम लिमिट भी तय की है। लेकिन हालात इससे भयावह हैं। छत्तीसगढ़ में 122 नहीं दो सौ से ज्यादा तालाब भू माफिया निगल गए हैं। हरिभूमि पहली किस्त के तौर पर रायगढ़ की हकीकत बयां कर रहा है। शहर की सीमा में स्थित तालाबों की हालत दयनीय है। सहेजे जाने के बजाय इनको अतिक्रमणकारियों के हवाले कर दिया गया है। एक-दो तालाबों को बचाने के लिए सौंदर्यीकरण हुआ लेकिन बाकी पर ध्यान नहीं दिया गया। साल दर साल तालाबों की संख्या कम होती गई और सीमाएं सिकुड़ती गई। अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार से पूछा है कि तालाबों से कितना अतिक्रमण हटाया गया है।

**कौहाकुंडा तीन हिस्सों में बंटा :** विशाल जलाशय कौहाकुंडा में है। पिछले कुछ सालों में यहां एक किनारे से अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। तालाब के बीच में मिट्टी पाटकर इसे तीन हिस्सों में बांट दिया गया है। एक तरफ से बंशी एन्क्लेव कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल है। एक तरफ मेट्रो हॉस्पिटल है। पहाड़ का पानी आकर तालाब में भरता था। लेकिन शासकीय जमीन पर कब्जे के कारण अब पानी यहां तक पहुंच ही नहीं पाता। तालाब को भी बर्बाद किया जा रहा है।

**इन तालाबों पर भी कब्जा :** शहर के अंदर कई तालाब अब धीरे-धीरे गायब हो जाएंगे। डीएफओ ऑफिस के सामने तालाब, मत्स्य विभाग के बाजू में तालाब, फटहामुड़ा तालाब, मिट्ठुमुड़ा तालाब, भुजबंधान तालाब, रामपुर समेत कई क्षेत्रों में तालाबों में अतिक्रमण और गंदगी है। कभी भी विधिवत कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय पार्षदों ने भी अतिक्रमण को बढ़ावा ही दिया है।

**एनजीटी ने किया था कमेटी का गठन :** जांजगीर जिले के बलौदा निवासी जगदीश प्रसाद देवगन ने सार्वजनिक जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण के मुद्दे पर एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच में आवेदन प्रस्तुत किया था। एनजीटी ने इस विषय में एक कमेटी का गठन किया , जिसमें प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन विभाग का एक प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास विभाग का एक प्रतिनिधि, सीईसीबी का एक प्रतिनिधि और प्रमुख सचिव जल संसाधन विभाग का एक प्रतिनिधि शामिल थे। इस कमेटी को सभी जिलों से जानकारी मंगवाकर राज्य की ओर से जानकारी प्रस्तुत की । उस जल स्त्रोत का राजस्व अभिलेखों में क्षेत्रफल, वर्तमान स्थिति, अतिक्रमण हटाने की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की है।

### अतिक्रमण से घिरा...

पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। धीरे-धीरे यहां आधे हिस्से में अतिक्रमण हो गया। अब बचा खुचा तालाब गंदगी से पटा हुआ है। मंगल भवन में जो भी कार्यक्रम होते हैं, उसका पूरा कचरा तालाब में डाल दिया जाता है। जलकुंभी पूरे तालाब में फैल गई है। सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण हटाना तो दूर, इसकी सफाई तक नहीं कराई गई।

### स्वास्थ्य पर फोकस, ...

(सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) की 8.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में कम है। साथ ही यह चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई के 7.2 प्रतिशत अनुमान से भी कम है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने अर्थव्यवस्था की स्थिति पर समीक्षा की प्रस्तावना में लिखा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अतिरिक्त क्षमता वाले देशों से सस्ते आयात की आशंका निजी पूंजी के निर्माण को सीमित कर सकती है। समीक्षा में यह स्वीकार किया गया है कि इस वर्ष के लिए वृद्धि दर का अनुमान जताते समय सतर्कता बरती गयी है और यह बाजार की अपेक्षाओं से कम है। इस सतर्क रुख का कारण निजी क्षेत्र के निवेश की गति धीमी होने के साथ ही मौसम प्रतिरूप का अनिश्चित होना है। इसमें कहा गया है कि मध्यम अवधि में यदि संरचनात्मक सुधार लागू किए गए तो टिकाऊ आधार पर सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर की संभावना बनती है। बजट से एक दिन पहले पेश समीक्षा में निजी निवेश को बढ़ावा देने, छोटी कंपनियों और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने का सुझाव दिया गया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ाने, छोटी कंपनियों के लिए कारोबार को सुगम बनाने और आय असमानता पर गौर करने की भी बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि प्राथमिकताओं में शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को पाटना भी शामिल होना चाहिए। समीक्षा में रोजगार सृजन के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने को लेकर श्रम सुधारों के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी आह्वान किया गया है। देश में बढ़ते कार्यबल की जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर-कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां सृजित करने की जरूरत है। समीक्षा की प्रस्तावना में सीईए ने कहा कि रोजगार सृजन मुख्य रूप से निजी क्षेत्र में होता है। दूसरा, कई मुद्दे हैं जो आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और उत्पादकता को प्रभावित करते हैं और उनपर उठाये जाने वाले कदम राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, दूसरे शब्दों में, देश के लोगों की ऊंची और बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को पहले से कहीं अधिक त्रिपक्षीय समझौते की जरूरत है। समीक्षा में चीन से प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देने और उस देश से आयात को कम करने का आह्वान किया गया। समीक्षा में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया है, खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं। वर्तमान में, केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी लेकिन मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति लगभग तीन प्रतिशत थी। मुख्य मुद्रास्फीति में भोजन और ईंधन की कीमतें शामिल नहीं होती हैं। समीक्षा में कहा गया है, इसलिए, इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि क्या देश में मुद्रास्फीति के लक्ष्य से संबंधित रूपरेखा में खाद्य पदार्थ को छोड़कर महंगाई दर को लक्षित करना चाहिए। वहीं गरीब और कम आय वाले उपभोक्ताओं को खाने के सामान की ऊंची कीमतों के कारण होने वाली कठिनाइयों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण या उचित अवधि के लिए निर्धारित वस्तुओं की खरीद को लेकर कूपन के जरिये नियंत्रित किया जा सकता है।

### संसद देश के लिए...

अलोकतांत्रिक प्रयास हुआ। देश बहुत बारीकी से देख रहा है कि संसद का यह सत्र सकारात्मक हो, सृजनात्मक हो और देशवासियों के सपनों को सिद्ध करने के लिए एक मजबूत नींव रखने वाला हो। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष के अंतराल के बाद कोई सरकार लगातार तीसरी बार आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आई सरकार द्वारा बजट पेश करने के कार्य को देश एक गौरवशाली घटना के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा कि यह बजट अमृत काल के मील के पत्थर का बजट है और सरकार एक निर्धारित अवधि में दी गई गारंटियों को वास्तविक रूप से साकार करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बजट मौजूदा सरकार के अगले पांच वर्षों की दिशा निर्धारित करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव रखेगा।

### राहुल और प्रधान के...

पास पैसा है, तो आप भारतीय परीक्षा प्रणाली खरीद सकते हैं और विपक्ष की भी यही भावना है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए स्पष्ट है कि हमारी परीक्षा प्रणाली में न केवल नीट में बल्कि सभी प्रमुख परीक्षाओं में एक बहुत गंभीर समस्या है। मंत्री (धर्मेंद्र प्रधान) ने खुद को छोड़कर बाकी सभी को दोषी ठहराया है। मुझे तो यह भी नहीं लगता कि वह यहां जो कुछ हो रहा है उसके मूल सिद्धांतों को समझते हैं। हालांकि, प्रधान ने गांधी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में है और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के तहत 240 से अधिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं। प्रधान ने तीखा जवाब देते हुए कहा कि सिर्फ चिल्लाने से झूठ सच नहीं हो जाएगा। विपक्ष के नेता का यह कहना कि देश की परीक्षा प्रणाली बकवास है, बेहद निंदनीय है। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव इस मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि कुछ केंद्र ऐसे हैं जहां 2,000 से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। जब तक ये मंत्री (शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान) जी हैं, छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा।

### एसीबी ने ...

07 सड़क 32 जोन-2 सेक्टर-11 खुर्सीपार भिलाई दुर्ग की चल-अचल सम्पत्ति की जानकारी संबधित हल्का पटवारी के माध्यम से जानकारी मांगी गई है। वही सौरभ चंद्राकर पिता रमेश्वर प्रसाद चंद्राकर मकान नंबर 303, सूर्या विहार कॉलोनी, भिलाई, 1 डी स्ट्रीट 34, सेक्टर 8 भिलाई, नेहरु नगर भिलाई रवि उप्पल की चल-अचल सम्पत्ति की जानकारी संबधित हल्का पटवारी के माध्यम से जानकारी मांगी गई है।

### मुठभेड़ के बाद...

की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने जंगल में फंसे पुलिसकर्मियों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर वाजेड पहुंचाया। गौरतलब है कि 19 जुलाई को बीजापुर के इलमिडी इलाके में मुठभेड़ हुई थी। वापसी के दौरान जवान तेलंगाना के पेनगुल नदी में आये बाढ़ में फंस गए थे। तकरीबन 4 दिनों तक ग्रेहाउंड्स के जवान बिना राशन और खाद्य सामग्री के बाढ़ में फंसे रहे। पांच दिन पहले जवान ऑपरेशन के लिए बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर आए थे। लौटते समय खराब सड़क और बारिश के कारण जंगल में फंस गए। जवानों के जंगल में फंसे होने की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने जंगल में फंसे जवानों को सेना के हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर वाजेड तक पहुंचाया।

## युद्ध में अब तक 39 हजार से अधिक मारे गए फलस्तीनी

**दीर अल बलाह।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजराइल के हमले में अब तक गाजा पट्टी क्षेत्र में 39,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और 89,800 से अधिक घायल हुए हैं। दक्षिणी गाजा और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में इजराइली हवाई हमलों में कई दर्जन लोगों की मौत के बीच युद्ध में हताहतों की यह नयी संख्या सामने आई है। मंत्रालय की गणना में सैनिकों और असैन्य नागरिकों दोनों को शामिल किया गया है। हमास द्वारा सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमला किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा पर हमला शुरू किया था।

पूर्व तट रेलवे

(1) निविदा सं. AB_UPGRAD_VBL_DMNJ_PVP
कार्य का नाम : अमृत भारत योजना के अधीन बोब्बिली, दामनजोड़ि एवं पार्वतीपुरम स्टेशनों के उन्नयन से संबंधित सिग्नल एवं टेलीकॉम अंश कार्य।
विज्ञापित मूल्य : ₹ 60,47,536.40, EMD : ₹ 1,21,000/-

(2) निविदा सं. FOB_KRPU_ARK_AMRITBHARAT
कार्य का नाम : अमृत भारत योजना के अधीन विजयनगरम, चिपुरुपल्लि, श्रीकाकुलम रोड, पारलाखेमुंडी, अरकु, कोरापुट, बोब्बिली, पार्वतीपुरम एवं दामनजोड़ि में हाई लेवल प्लैटफॉर्म और कोरापुट एवं अरकु में 12 मीटर फूट ओवर ब्रिज के प्रावधान से संबंधित सिग्नल एवं टेलीकॉम अंश कार्य।
विज्ञापित मूल्य : ₹ 80,61,441.00, EMD : ₹ 1,61,200/-

(3) निविदा सं. FOB_JDB_JYP_AMRITBHARAT
कार्य का नाम : (1) अमृत भारत योजना के अधीन जगदलपुर एवं जयपुर स्टेशनों में 12 मीटर फूट ओवर ब्रिज के प्रावधान से संबंधित सिग्नल एवं टेलीकॉम अंश कार्य। (2) वाल्टियर मण्डल के विशाखापट्टनम कॉम्प्लेक्स, KK-I एवं KK-II में संस्थापित मौजूदा PD MUX, STM एवं NMS कन्सोल का प्रतिस्थापन।
विज्ञापित मूल्य : ₹ 31,09,617.50, EMD : ₹ 62,200/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 महीने (सभी क्रम सं. हेतु)।
बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 23.07.2024 (सभी क्रम सं. हेतु)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 06.08.2024 को 1500 बजे (निविदा सं. 1 एवं 2 हेतु) एवं 1700 बजे (निविदा सं. 3 हेतु)।
ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, वाल्टियर
PR-330/P/24-25

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला :- बस्तर (छ.ग.)

-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-

क्र./1866/न.पा.नि./ लो.नि.वि./2024 जगदलपुर दिनांक 22/07/2024


नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा विभिन्न योजना के तहत स्वीकृति कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "A" में, दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर दिनांक 13.08.2024 को सांय 05.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है । प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 14.08.2024 को प्रातः 11.30 बजे खोले जावेगें । इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 05.08.2024 को साथ 05.30 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 06.08.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से एवं लोक निर्माण शाखा में देखी / प्राप्त की जा सकेगी ।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुकुलदेव वार्ड क्र. 31 में बिनाका बाड़ा से बदक फार्म तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य । | 08.85 | 9000.00 |
| 2 | अंबेडकर वार्ड क्र. 29 गोपी घर से कबीर चौक तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 07.66 | 6000.00 |
| 3 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 41 ग्रोवर गली में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 05.00 | 5000.00 |
| 4 | इंदिरा वार्ड क्र. 16 मिताली चौक से माहेश्वरी स्टोर्स तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 07.72 | 6000.00 |
| 5 | सुभाष वार्ड क्र. 09 चांडक ब्रदर्स से गुरू द्वारा रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 09.65 | 8000.00 |
| 6 | बालाजी वार्ड क्र. 13 बंसल हॉस्पिटल से लखन ठाकुर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 08.49 | 7000.00 |
| 7 | मदर टेरेसा वार्ड क्र. 26 सलोम मार्ग और खुदीराम बोस स्कुल के बाजू में और बालाजी टेंट हाऊस तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 05.19 | 5000.00 |
| 8 | पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड क्र. 32 में राजा राम तोड़ेम घर से लक्ष्मी वेल्डिंग शॉप तक सी.सी. सड़क (मु.मं.घोषणा) । | 02.79 | 2800.00 |
| 9 | मदन मोहन मालवीय वार्ड क्र. 44 में दरिया पंप से कपूर घर तक सी.सी. सड़क (मु.मं. घोषणा ) । | 02.32 | 2300.00 |
| 10 | वीर सावरकर वार्ड क्र. 05 बांसमुण्डा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 10.93 | 10000.00 |
| 11 | छत्रपति शिवाजी वार्ड शिवाजी वार्ड क्र. 35 तेतरकुटी पारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 10.04 | 10000.00 |
| 12 | अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड क्र. 38 में दलपत सागर राम मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 15.00 | 12500.00 |
| 13 | लोकमान्य तिलक वार्ड क्र. 37 में सेवा आश्रम के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 10.03 | 10000.00 |
| 14 | एयरपोर्ट जगदलपुर के टर्मिनल के अंदर परिसर में टॉयलेट निर्माण । | 11.86 | 10000.00 |
| 15 | भगतसिंह वार्ड क्र. 06 में रामअवतार देवांगन घर से राजेश देवांगन घर तक सी.सी. सड़क मरम्मत | 05.00 | 5000.00 |
| 16 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 8 इंद्रावती कॉलोनी में सी.सी. रिनीवल कार्य | 20.00 | 18000.00 |
| 17 | भैरमदेव वार्ड क्र 04 में ममता घर से जेलबाड़ी तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 09.88 | 9000.00 |

"नगरपालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें"

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

## राशिफल


**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।


**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।


**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5580



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5579 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5591

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5590 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



# अजय ने पूरी की 'सिंघम अगेन' की शूटिंग...

**नई दिल्ली।** 22 जुलाई को रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो साझा किया। उनकी और अजय देवगन की फिल्म सिंघम की रिलीज को 13 साल हो गए हैं। उन्होंने अपने फॉलोअर्स को अपनी आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' के पर्दे के पीछे की झलक दिखाई और बताया कि अजय ने इसकी शूटिंग पूरी कर ली है। वीडियो में उन्होंने अपनी यात्रा की कहानी बताई। वीडियो में लिखा था, 'आज सिंघम के 13 साल पूरे हो गए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर निर्देशक यह उनके साथ मेरी 13वीं फिल्म है।

लाइफ Style



# नेहा
## विक्की व तृप्ति को बताया खाने के शौकीन

एजेंसी ⏭ मुंबई

विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी, एमी विर्क और नेहा धूपिया अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'बैड न्यूज' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस फिल्म का काफी हिस्सा दिल्ली में फिल्माया गया है। अब नेहा ने वहां पर शूटिंग के दौरान हुए अपने अनुभवों को साझा किया है।

अभिनेत्री ने वहां पर विक्की और तृप्ति के साथ हुए अपने मजेदार अनुभवों को साझा किया है। इस दौरान उन्होंने खाने के शौकीन विक्की और तृप्ति के साथ वहां के कई लोकप्रिय व्यंजनों का आनंद लिया। इसके अलावा उन्होंने अभिनेत्री कैटरीना की तारीफ करते हुए कहा कि वह पार्टियों और डिनर की मेजबानी और आयोजन करने में काफी माहिर हैं। एक इंटरव्यू के दौरान नेहा ने बताया कि उन लोगों के लिए शूटिंग के दौरान खाना एक खास अवसर की तरह महसूस होता था।

उन्होंने विक्की कौशल का जिक्र करते हुए कहा कि सेट पर खाने के सबसे बड़े शौकीन विक्की और तृप्ति थे। इसको लेकर एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार वो सभी पुरानी दिल्ली में शूटिंग कर रहे थे और विक्की को अचानक वहां के स्थानीय व्यंजनों की तलब होने लगी। इसके बाद थोड़ी देर में ही वहां खाने के सामान को चारों तरफ बिखरा हुआ था। इसे देख कर उन्हें थोड़ी असहजता भी हुई, लेकिन इसके बावजूद भी सभी ने व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया, इस दौरान खाने की सुगंध चारों तरफ फैल गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# एंजेलिना की बेटी ने बदला नाम

**लॉस एंजिलिस।** एंजेलिना जोली की बेटी शिलोह जोली पिट ने अब पिता ब्रैड पिट के साथ सारे रिश्ते-नाते तोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपना नाम बदलने के लिए लॉस एंजेलिस के एक अखबार में बड़ा विज्ञापन दिया। इसके लिए शिलोह जोली पिट ने ऐलान किया है कि वह अपने नाम से 'पिट' सरनेम हटा रही हैं। 18 साल की शिलोह जोली पिट ने ऐसा कदम इसलिए उठाया क्योंकि कोर्ट द्वारा नाम को कानूनी तरीके से बदलने की मंजूरी देने से पहले यह जरूरी होता है।



# एलेन ने बाइडेन के काम के लिए जताया आभार...

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान से हटने के फैसले पर हॉलीवुड सितारों की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। कॉमेडियन और टीवी होस्ट एलेन डीजेनरेस ने लिखा, 'मैं राष्ट्रपति बिडेन के हर काम के लिए उनकी आभारी हूं।' ऑस्कर विजेता और बिली इलिश के भाई और गीत-लेखन सहयोगी फिननेस ने राष्ट्रपति के साथ खड़े अपने परिवार की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'मैं आज एक ऐसे व्यक्ति को देख रहा हूं, जो लोगों को खुद से और अपने गौरव से पहले रखते हैं, और इसीलिए मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है।' अभिनेत्री, गायक और डायरेक्टर बारबरा स्ट्रीसैंड ने बाइडेन के समर्थन में एक पोस्ट लिखी। उन्होंने बाइडेन को एक ऐसा शख्स बताया, जिसने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। बारबरा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर जो बाइडेन की प्रशंसा की है।



# रोस्ट शो में शामिल होना था गलत

**नई दिल्ली।** कुशा कपिला एक अभिनेत्री और जानी मानी कंटेंट क्रिएटर हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। वह अपने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग तरह के वीडियो पोस्ट करती हैं, जिस पर उनके फैंस काफी प्रतिक्रियाएं भी देते हैं। बीते दिनों वह काफी चर्चा का विषय बन गई थीं, जब यूट्यूब पर उनका एक रोस्ट वीडियो जारी हुआ था। हाल में ही वह एक रोस्ट शो में गई थीं, जिसमें कई कॉमेडियन्स ने उनके ऊपर जोक्स बनाए थे, जो ज्यादातर उनके पूर्व पति जोरावर सिंह अहलूवालिया से हुए उनके तलाक पर आधारित थे। इसके बाद से ही वह विवादों में घिर गई थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें लेकर बोले गए जोक्स काफी अमानवीय थे और उनके साथ पहले साझा नहीं किए गए थे। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि उन्हें पहले स्क्रिप्ट का अनुरोध करना चाहिए था।




# रणबीर में नहीं है असुरक्षा का भाव

**नई दिल्ली।** लक्ष्य लालवानी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'किल' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस एक्शन फिल्म के साथ उन्होंने बड़े पर्दे पर अपने करियर की शुरुआत की है। फिल्म में उनके एक्शन की काफी तारीफ की जा रही है। इसे निर्माताओं द्वारा भारत की सबसे हिंसक फिल्म करार दिया गया था, जो काफी हद तक सही भी साबित होता है। इस फिल्म में लक्ष्य काफी खतरनाक अवतार में नजर आए हैं। इस फिल्म की तुलना पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' से की जा रही है, इस बीच लक्ष्य ने एनिमल के अभिनेता रणबीर कपूर को लेकर बात की है। लक्ष्य ने रणबीर के साथ अपनी मुलाकात याद करते हुए उन्हें शानदार अभिनेता और दूसरों से असुरक्षित महसूस ना करने वाला कलाकार बताया है।

टीवी मसाला

# आपका अपना ज़ाकिर में श्वेता बनीं नई 'द इट गर्ल'

**मुंबई।** प्रसिद्ध कॉमेडियन ज़ाकिर खान अपने नए शो 'आपका अपना ज़ाकिर' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सोनी टीवी पर जल्द ही प्रसारित होने वाला, यह शो ह्यूमर और ज़िंदगी के दिल छूने वाले फलसफों का



शानदार मिश्रण पेश करने का वादा करता है। अपनी प्रासंगिक कॉमेडी के लिए मशहूर, ज़ाकिर खान जीवन के उतार-चढ़ाव पर अपना अनोखा नज़रिया पेश करते हैं, जिससे रोजमर्रा की ज़िंदगी भी मज़ेदार लगने लगती है। ज़ाकिर के साथ, शो में कई प्रतिभाशाली कलाकार भी दिखेंगे, जो हंसी का भरपूर डोज देंगे। उनके साथी कलाकारों में से एक कोई और नहीं, बल्कि टेलीविजन की अपनी बहू श्वेता तिवारी हैं। श्वेता इस शो में 'द इट गर्ल' का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो हमेशा गेम से एक कदम आगे रहती है। आत्मविश्वास से भरी, दिलचस्प और प्रतिभाशाली, श्वेता बेबाकी से वैसा ही किरदार पेश करेंगी जैसी वह खुद हैं। इस नए किरदार के बारे में बात करते हुए श्वेता ने कहा, "मैं लंबे समय के बाद ऐसा शो करने के लिए उत्साहित हूं, जिसमें दर्शकों को मेरा एक नया रूप देखने को मौका मिलेगा।

## 'नाम बहुत बन गया है, अब बदनाम करने की बारी है'

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' विवादों का सीजन बनता जा रहा है। पहले अरमान मलिक ने विशाल को थप्पड़ मारा था। वहीं, अब इसके लेटेस्ट एपिसोड में अदनान शेख और लवकेश



कटारिया के बीच जमकर झगड़ा हुआ, जो हाथापाई तक पहुंच गया था। अब वीकएंड के वार के लेटेस्ट प्रोमो में लवकेश कटारिया के दोस्त एल्विश यादव और अदनान शेख के दोस्त फैजल शेख के बीच जोरदार बहस छिड़ी है, जिसमें दोनों अपने दोस्तों को बचाते दिखाई दे रहे हैं। इसका जवाब देते हुए फैजल ने एल्विश को बताया कि ग्रुप का नाम '007' है क्योंकि वह एल्विश और लवकेश को टीम में लेना चाहते हैं। इसके जवाब में एल्विश ने हाथ जोड़कर फैजल को धन्यवाद दिया और कहा, 'धन्यवाद भाई, नाम बहुत बन गया है, अब बदनाम करने की बारी है।

# हॉलीवुड स्टूडियो के साथ मिलकर जय हनुमान बनाएंगे प्रशांत वर्मा?

*मुंबई।* *साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म हनुमान ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तूफान मचाया। साल की शुरुआत में इस फिल्म ने ताबड़तोड़ कमाई की थी। दुनियाभर के दर्शकों ने फिल्म को खूब पसंद किया। इस फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा को इससे खूब पहचान मिली। प्रशांत वर्मा इन दिनों हनुमान के सीक्वल जय हनुमान के प्री-प्रोडक्शन में बिजी चल रहे हैं। निरंजन रेड्डी के साथ मिलकर प्रशांत वर्मा फिल्म का सह-निर्माण करने के लिए कुछ हॉलीवुड स्टूडियो के साथ बातचीत कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय हनुमान को 200 करोड़ के बजट में बनाया जाएगा। इसी के चलते प्रशांत वर्मा अपनी फिल्मों के लिए बड़े स्टूडियो की तलाश कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रशांत वर्मा इस फिल्म में*




*भगवान हनुमान की भूमिका निभाने के लिए कुछ बड़े सितारों के साथ बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल इसे लेकर कोई अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, दर्शकों को हनुमान की अपार सफलता के बाद इसके सीक्वल जय हनुमान का बेसब्री से इंतजार है। इसके साथ ही ये देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म ने हुनमान के किरदार में कौन सा अबिनेता नजर आएगा। हनुमान प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म थी, जिसमें शानदार कहानी के साथ कम्प्यूटर ग्राफिक्स, स्पेशल इफेक्ट्स, डायलॉग और बेहतरीन संगीत देखने को मिला। निर्देशक प्रशांत वर्मा ने इस फिल्म की सफलता के बाद इसके सीक्वल 'जय हनुमान' का ऐलान किया था। ये फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।*



# ट्रेलर की टक्कर से दो नाबालिग छात्रों की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना से होकर गुजरने वाले राजकीय मार्ग में सोमवार को भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक ट्रेलर वाहन की ठोकर से मोटर सायकल सवार दो ग्रामीण छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची डॉयल 112 एवं कुकदुर पुलिस की टीम ने दोनो मृतकों के शवों को बरामद कर लिया है वहीं आरोपी ट्रेलर वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम आगरपानी निवासी छोटेलाल पिता झुनिया आयु करीब 13 वर्ष एवं जगतू पिता मुन्ना आयु करीब 12 वर्ष दो क्रमशः कक्षा 7 वीं एवं 6 वीं के स्कूली छात्र गांव में लाईट बंद होने के कारण फोटो कॉपी कराने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेजे- 4876 से कुकदुर गए थे। बताया जाता है कि शाम करीब 5.30 बजे दोनो अपना कामकाज निपटाने के बाद वापस अपने गांव मोटर सायकल से लौट रहे थे। इसी दौरान कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोलमी के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएल-6817 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार छात्रों को अपनी चपेट में लेते हुए जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनो छात्र सड़क पर जा गिरे। इस दुर्घटना में मोटर सायकल सवार छात्रों के सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर और घातक चोट आने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस तथा डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनो मृतकों को शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने ट्रेलर वाहन को भी जप्त कर लिया है।

### मृतक कक्षा 6वीं व 7वीं के छात्र

यहां बताना लाजिमी होगा कि दोनो मृतक कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरपानी के रहने वाले हैं और कक्षा सातवीं व कक्षा छठवीं के छात्र हैं। जानकारी ये भी मिली है कि इन नाबालिग छात्रों द्वारा भी लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जा रहा था जो उनकी जान पर भारी पड़ गई और उन्हें सड़क हादसे में अपनी जान गवानी पड़ गई। इस दर्दनाक और हृदय विदारक घटना की जानकारी दोनो छात्रों के परिजनो तक पहुंचने के बाद उनके घर और गांव में मातम पसर गया।

## युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी सोनाउराम का फांसी लगाने के कारण मौत हो गया। पंडरीपानी निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई को मृतक द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फरसा के पेड़ फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम विवेचना में लिया है।

## टुल्लू पंप निकालने कुएं में उतरे दो युवकों की करंट से मौत

**कुरूद।** कुरूद थानांतर्गत ग्राम परखंदा के एक कुंए में लगे टुल्लू पंम्प को निकालने नीचे उतरे दो युवकों की करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। दरअसल, गांव की एक बाड़ी में सुखा कुआं है। उसमें टुल्लू पंप लगा हुआ था। अब जब कुआं सूख गया तो टुल्लू पम्प को निकालने लोकेश पटेल पिता नरेश पटेल उम्र 33वर्ष रस्सी के सहारे नीचे उतरा और मोटर को निकालने लगा। इसी दौरान मोटर में करंट फैल गया जिससे युवक अपने आप को छुड़ाने चीखने चिल्लाने और छटपटाने लगा, तभी पास में मौजूद दीनदयाल दीवान पिता प्रसाद दीवान उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गाड़ाडीह ने उसे छटपटाते देख कुएं में उतरकर उसे छुड़ाने की कोशिश की किंतु वह भी करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना सुबह पांच बजे की है। मृतक नरेश ग्राम सुंदरकेरा नयापारा निवासी हैं जो अपने ससुराल घासीराम पटेल के घर में रह रहा था। बताया जा रहा है कि टुल्लू पम्प का स्विच बंद था लेकिन अर्थिंग तार में करंट सप्लाई हो जाने के कारण यह दुखद घटना घटी।

## तालाब में डूबने से छात्र की मौत

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम बेलोरा में कक्षा चौथी के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से परिवार पूरा सदमे में है। विवेचना अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक धनीराम नेताम ने बताया कि 21 जुलाई रविवार को 12.30 बजे ग्राम बेलोरा निवासी बुद्धेश्वर ध्रुव का आठ वर्षीय पुत्र गीतांशु ध्रुव अपने मुहल्ले के दोस्तों के साथ गांव के बांधा तालाब में नहाने के लिए गया था।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार के रोगों का नि:शुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड़ नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल
कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल®
भिलाई/रायपुर
जागृति प्रजापति 615/720
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
▸ कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
▸ हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
▸ गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

### Appointment आवश्यकता

#### टीचर

**आवश्यकता है-** शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का **नया सबेरा उ.मा. गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. 9993453324.** (RO-6040)

#### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल कार्य हेतु मेहनती ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन 10,000/- समय 9:00 से 8:30 तक **पता- ब्राह्मण पारा, सोहागा मंदिर रायपुर मोबाइल नंबर - 9826182338** (RO-6039)

**आवश्यकता है-** फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। **पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 6263757358.**(RO-1725)

#### ऑफिस सहायक

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, **अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.**(RO-2890)

#### स्टाफ नर्स/वार्ड बॉय

**आवश्यकता है-** स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा, **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-2892)

#### ड्रायवर/घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** वी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में निजी वाहन चलाने हेतु कम से कम 10 वर्ष अनुभवी ड्राइवर एवं सभी घरेलू कार्य, शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला। पान, गुटका, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी (बच्चे साथ में ना रहते हो) की आवश्यकता है. रहने की जगह दी जाएगी। **संपर्क करें-: 9300593000.** (RO-1222)

#### कुक

**आवश्यकता है-** शाकाहारी खाना बनाने हेतु बाई/महाराज चाहिए, देवेंद्रनगर के आस-पास रहने वाले को प्राथमिकत. कृपा पता में आकर मिले. **लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर** (RO-1723)

#### डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** ब्लू डार्ट कंपनी में पार्सल डिलीवरी करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 15000/- +पेट्रोल +इन्सेंटिव। **पता- राणा काम्प्लेक्स, पं. रविशंकर यूनिवर्सिटी गेट के पास, आमानाका, एनर्जी फिटनेस के सामने, रायपुर- 8055905341, 9131020740.** (RO-7497)

#### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर** (RO-68)

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।** (RO-165)

बड़ा लाभ

#### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** तत्काल आवश्यकता है बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2893)

#### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ़्त जल्दी **संपर्क करें - रायपुर** mobile - **8839536035, 7987466526.**(RO-175)

#### ड्रायवर/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** टाटाएस के लिए टिकने वाले ड्राइवर, आंफिस के लिए लड़की और मार्केटिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है। **जीएमएस कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408.** (RO-Meeth)

#### हार्डवेयर/गोदाम कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर देवेंद्र नगर में हार्डवेयर एवं मोड्यूलर गोदाम हेतु अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार देवेंद्र नगर फाफाडीह के नजदीक रहवासी को प्राथमिकता। **मो- 9425246325/ 9907788603 रिज़्यूम वाट्सएप पर भेजें।**(SPD /799)

#### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** जैविक कृषि उत्पादों की मार्केटिंग कार्य करने हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है पोस्ट -10 वेतन/आय :20000/- प्रतिमाह **9713517535, 9300494000.** (RO-321)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

#### मशीन ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, **मंदिर हसौद, रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 7024347173.**(RO-2889)

#### टेक्नीशियन

**Requirment-** Draftsman/ Diploma / B.E. Civil Autocad Must Mohabazar In Front Of Singaporecity Raipur C . G डु. vivekagr100@gmail.com **9131883997, 9685777472.** (RO-16118)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए जो ग्वालियर में काम कर सके, वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 **सम्पर्क करें- 6263423838, 8839079038.** (RO-34867)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) **+916267324667.**(RO -2872)

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियाँ) अनपढ़ 8वी, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट (वेतन 28900- 84300/-) ग्राउंड स्टाफ सुपरवाईजर, चेकर, हेल्फर, गार्ड, ड्राईवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 8860132534.** (RO-2868)

### Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- **9826196515, 9826896515.**(आरो -6357)

### Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म **7347259119.**(RO-13135)

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.**(आरो-6352)

#### जमीन

**जमीन बेचना है-** भिलाई में निवेश के लिए शानदार प्लॉट करंजा भिलाई में 225/- प्रतिवर्गफीट सबसे सस्ती और सबसे अच्छी निवेश के लिए बेहतरीन अवसर अपना ड्रीमहोम I.I.T. के नजदीक बनाएं बेस्ट लोकेशन /प्राइस अभी विजिट करें और डील फाइनल करें **संपर्क करें 9893370648.**(आरो नं.542)

**जमीन बेचना है-** बोरई बस्ती के पास 80 डिसमील जमीन बेचना है। समय सुबह 11 से 3, दलाल क्षमा करें। **संपर्क:- मो.- 98264-56429.**(आरो नं.539)

**जमीन बेचना है-** धनोरा रिसाली प्रियंका नगर में डायवर्टेड-1938 (40×48) वर्गफीट, पूर्व दिशा, लैंडमार्क सनराइज टावर,1300 रुपए प्रति वर्गफीट में बेचना है। Mo.- **91111-33315.**(आरो नं .543)

#### दुकान/प्लाट

**बेचना है-** जामुल दुर्गा मंदिर के पास 1600 वर्गफीट डबल स्टोरी 3दुकान के साथ, कैलाशनगर में 60×40 , इंदिरानगर दुबे पशुआहार के पास 1800 वर्गफीट,तीनों पूर्व फेसिंग प्लाट अतिशीध्र बेचना है। **संपर्क:- 9329011768, 7000340419.**(आरो नं.544)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हरिभूमि क्लासीफाईड

### हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. for E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी जारी है हंगामा**

# छात्रों ने सरकार को नई मांगे मानने के लिए दी 48 घंटे की मोहलत

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ जारी विरोध कई दिन बाद सोमवार को शांत दिखाई दिया है। आम लोगों को कुछ वक़्त के लिए कर्फ़्यू से भी राहत दी गई है। हालांकि कम्यूनिकेशन सेवाएं अभी भी बहाल नहीं की गई हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों की ओर से सरकार को 48 घंटे का वक़्त दिया गया है कि वह नई मांगों पर विचार करें। रविवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश पारित कर हाई कोर्ट के 30% आरक्षण के आदेश पर लगाई रोक लगा दी है।

जून के महीने में उच्च न्यायालय ने प्रधान मंत्री शेख हसीना की



सरकार द्वारा 2018 में हटाए गए नौकरी आरक्षण को बहाल कर दिया था। जिसके बाद पूरे देश में अलग-अलग जगह से बवाल की खबरें सामने आने लगी और छात्र सड़कों पर उतर गए। रॉयटर्स की खबर के मुताबिक अब तक 147 लोगों के मारे जाने की खबर है।

### फिलहाल ये हैं हालात

राजधानी ढाका की सड़कों पर कई स्थानों पर सेना के टैंक तैनात देखे गए हैं। डिपार्टमेंट स्टोर्स ने कहा कि उनके पास स्टॉक खत्म हो रहा है। इंटरनेट बंद होने से कई काम ठप पड़े हैं। कई यात्री टिकट नहीं मिल पाने, ट्रांसपोर्ट बाधित होने से काफी परेशान दिखाई दिए हैं। हालांकि ताजा कर्फ़्यू से आम लोगों को काफी राहत मिल सकती है।

### छात्रों की नई मांगे

प्रदर्शनकारी छात्रों ने हिरासत में लिए गए छात्र नेताओं की रिहाई, कर्फ्यू हटाने और बुधवार से बंद विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की भी मांग की है। उन्होंने सरकार इसके लिए 48 घंटे का समय दिया है, लेकिन यह अभी नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होगा। सोमवार को हिंसा या विरोध प्रदर्शन की कोई रिपोर्ट नहीं आई और स्थानीय मीडिया के मुताबिक दोपहर में कर्फ्यू में तीन घंटे की ढील दी जाएगी, जिसे पिछले दिन दो घंटे बढ़ाया गया था, ताकि लोग जरूरी सामान खरीद सकें।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,
WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(Tender Cancelation Notice)**

| S. No. | Name of Work | NIT No./System Tender No./ Dated | Probable Amount of Contract | Reason for cancellation of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Lining and Repair work from R.D. 10000 m to 15000 m of Mahanadi Main Canal under Mahanadi Reservoir Project of Block Dhamtari, District Dhamtari (G. No. 08081) | 14/SAC/2023-24/ 153217/Dated - 23.02.2024 (First Call) | Rs. 193.18 Lakhs | Cancel due to Single Tender Received. |

Executive Engineer
M.R.P. Dam Division No. 2, Rudri
For, Chief Engineer,
Mahanadi Project, Raipur (C.G.)

G-242501264/3

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ. ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 156344 / निविदा सूचना क्र. 03 / वलेलि / 2024-25,
दिनांक 19.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 12.08.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम- लोवरसोन व्यपवर्तन योजना के सी. सी. लाईनिंग का निर्माण कार्य ।**

**अनुमानित लागत :- रूपये 246.30 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.07.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः 1. निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022 ) के अनुसार है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग मरवाही (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

G-242501238/2

# मुंबई में नौसैन्य युद्धपोत ब्रह्मपुत्र पर लगी आग पर काबू पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई में नौसैन्य डॉकयार्ड में मरम्मत कार्य के दौरान भारतीय नौसेना के एक स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इसमें एक जूनियर नाविक लापता है और उसकी तलाश जारी है। नौसेना ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। यह जानकारी नौसेना ने सोमवार को एक बयान जारी कर दी। इसमें बताया कि यह घटना बीते रविवार शाम मुंबई स्थित नौसेना के एक डॉकयार्ड में पोत के मरम्मत कार्य के दौरान हुई। जिसमें आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए बल ने जांच के आदेश दे दिए हैं। इसके अलावा नौसेना द्वारा आग के जोखिम का आकलन करने के लिए सेनेटाइजेशन सहित अन्य कार्रवाई भी की गई है।

**एक लापता नाविक की तलाश जारी, नौसेना ने हादसे की जांच के दिए आदेश**

**एक ओर झुका क्षतिग्रस्त युद्धपोत :** नौसेना ने बताया कि आग लगने की वजह से ब्रह्मपुत्र पोत दोपहर के वक्त एक ओर झुकने लगा था। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे सीधा नहीं किया जा सका है। हादसे के वक्त इसमें मौजूद एक जूनियर नाविक को छोड़कर बाकी सभी कर्मियों को सुरक्षित बचाया गया है। मरम्मत कार्य के दौरान पोत पर तैनात ड्यूटी कर्मी को आग लगने का पता चला। इसके बाद जहाज पर मौजूद अग्निशमन दल ने तुरंत कार्रवाई शुरू करते हुए आग पर काबू पाने के लिए जरूरी कदम उठाए। इसमें नौसैन्य डॉकयार्ड और इलाके में तैनात अन्य दमकल कर्मियों से भी सहायता ली गई और उसके बाद आग पर काबू पाया गया।

### वर्ष 2000 में हुआ था नौसेना में शामिल

उल्लेखनीय है कि आईएनएस ब्रह्मपुत्र इस श्रेणी का स्वदेश में निर्मित पहला बहुउद्देशीय जंगी फ्रिगेट है। इसे वर्ष 2000 के मध्य में भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल किया गया था। युद्धपोत का संचालन करने वाले कर्मियों का कुल आंकड़ा करीब 400 है। इसमें तीन दर्जन से अधिक अधिकारी और 330 नाविक शामिल हैं। ब्रह्मपुत्र युद्धपोत सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, टारपीडो से लैस है। इसके अलावा यह सीकिंग और चेतक जैसे हेलिकॉप्टरों के जरिए अपने डेक से सैन्य अभियान चलाने की क्षमता भी रखता है।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No. :-07749-222370, Email Id:- ee-res.balod@gov.in**

**(Zonal Tender) सूचना तृतीय बार**

क्रमांक /04 / व.ले.लि. / ग्रा. यां. से. / 2024-25 बालोद, दिनांक 19.07.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु ) डौण्डी / गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा ग्रुप (ब, स, द एवं ई) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 30.07.2024 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 31.07.2024 को 11:30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रू. 20.00 लाख प्रत्येक ग्रुप
(2) अमानत राशि रू. 20000.00 प्रत्येक ग्रुप
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 प्रत्येक ग्रुप

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://res.cg.gov.in/ अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 19.07.2024 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

G-242501232/2

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमन्त्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 156146/निविदा सूचना क्र. 02/वलेलि/2024-25
डोंगरगांव दिनांक 19.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 12.08.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम-** राजनांदगाव जिले के विकासखण्ड छुरिया की झूरा नदी मे नागरकोहरा एनीकट निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत रू. 265.29 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242501239/5

**कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. - 0771-2439725 Email ID-dfojunglesafari@yahoo.com

**(विज्ञप्ति)
संक्षिप्त निविदा सूचना (वन विभाग)**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर के अंतर्गत नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर में रखे गये मांसाहारी वन्यप्राणियों के भोजन हेतु रसियन चारमुखा (Russian Charmukha), कृष्णा शायर (Krishana Shire), एवं मिडल व्हाईट यार्क शायर (Middle White Yorkshire) मटन की आवश्यकता हेतु दर निर्धारण कर क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जा रहा है।

निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल संफारी सेक्टर नंबर 39 अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में विस्तृत जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा प्रतिदिन (कि.ग्रा.) | धरोहर राशि | सामग्री पहुंच स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रसियन चारमुखा (Russian Charmukha) मटन | 225 किलो सप्ताह में दो दिन | 87750.00 | नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) |
| 2. | कृष्णा शायर (Krishana Shire) मटन | | | |
| 3. | मिडल व्हाईट यार्क शायर (Middle White Yorkshire) मटन | | | |

| विवरण | प्रथम निविदा दिनांक | समय | द्वितीय निविदा दिनांक | समय | तृतीय निविदा दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | 22/08/2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक | 28/08/2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक | 03/09/2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा की अंतिम तिथि | 22/08/2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक | 28/08/2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक | 03/09/2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 22/08/2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक | 28/08/2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक | 03/09/2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक |

टीप :- प्री बीट मिटिंग दिनांक 21/08/2024 समय 11:00 बजे
स्थान :- कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नंबर 39 अटल नगर नवा रायपुर

संचालक सह वनमंडलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

जी-242501270/4

# तालिबान ने नहीं माना पीओके को पाकिस्तान का हिस्सा

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान पर शासन करने वाले तालिबान ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। तालिबान ने जम्मू-कश्मीर के कब्जे वाले क्षेत्र पाकिस्तान के दावे को मानने से इनकार कर दिया है। तालिबान ने तीन दशक में पहली बार अफगानिस्तान की सीमाओं का मूल्यांकन किया है। तालिबान के सीमा एवं जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने कहा कि उसने पाकिस्तान के साथ काल्पनिक रेखा, ताजिकिस्तान और जम्मू और कश्मीर के साथ आधिकारिक सीमाओं का मूल्यांकन किया है। अफगानिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने ये जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि तीन दशक से इन सीमाओं को मूल्यांकन नहीं किया गया है।

**पड़ोसी देश को दिया झटका**

**कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

(the heading above belongs to the next notice)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(तृतीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 156200 / निविदा सूचना क्र. 09/ वलेलि / 2024-25, दुर्ग दिनांक 19.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.08.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग की समोदा डायवर्सन योजना एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य साथ ही 200 मी. आर. सी. सी. ओपन चैनल, 05 नग व्ही. आर. बी., 05 नग इनलेट एवं 15 नग आउटलेट निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत**- रू. 276.22 लाख
(दिनांक 01.08.2010 के एस. ओ. आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार )

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G -242501242/6

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 105/156116 | W.M.M. & B.T Patch Repair work on Various MDR & Village Roads in Section No.3 Road Under Sub Dn. No. 3 Raipur 1. Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km 2. uparwara bus stand to ITM university length km 2.00 km 3. Administrative Academy nimora internal Road length 1.00 km 4. Kendri Uparwara Road Km 3.1 Km. 5. Bhelwadih to Uparwara Road length 1 km 6. Tuta to nimora Road length 0.60 km 7. uparwara to manakhar length km 2.00 km | रू. 30.52 लाख |
| 106/156117 | B.T. Patch Repair Work On Various Road Under Construction Sub Division No.-1, Sector-17, Nava Raipur (C.G.) Abhanpur Kolar Tekari Sonpairi khilora Road km 11/2 to 22/6 km | रू. 25.00 लाख |
| 107/156118 | B.T Patch Repair work on Various Roads Under Section No. 1, Sub Dn. No. 3 Raipur 1.Simga Tilda Kharora Arang Nawapara Magarload Dhamtari Road (SH -20) KM Length 7.5KM 2.Gourbhat Bhalera Tamasivni Tandul Road KM 1 to 17 Length 17KM 3.Uperwara Cheriya Kurru Road KM 6 to 10 Length 5KM 4. Vidhansabha Fly Over KM 1 Length 1KM 5.Torla Kathiya Abhanpur KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 6.Jamgaon Mandlor Pond Danganiya Road KM 1 to 12 Length 9KM 7. Sunderkera Kathiya Nawagaon Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 8.Kathiya Tarra Ugetara Nawgaon Road KM 1 to 5 Length 5KM 9.Ganoud Kharkharahadih Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 10. Jounda Mandlore Road KM 1 to 3 Length 3KM 11.Torla Tila Champaran Jounda road KM 14 to 18 Length 5KM12.Charoda Khapri Tamasivni Bhurka Pond Road KM 1/2 to 4/2 Length 3.2KM13.Torla Bhurka Kumhari Road KM 1/2 to 5/8 Length 4.8KM14.Tarra 17 Nos. Nali Nawagaon KM 1/2 to 3/8-100 Length 2.7KM15.Doma Gourbhatti Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM16.Dhamni Ganod Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM17.Bhothidih Champaran Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 18.Cheriya Kurru Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 19.Torla Approach Road KM 1/2 to 2/2 Length 1.2KM | रू. 120.00 लाख |
| 108/156119 | B.T. Patch Repair Work,Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads Of Abhanpur Section No -03 & Nawapara Section Under Sub Division Abhanpur 1.Dadarjhori Manikchauri Tokro Kodapar Marg (MDR) 1/2 to 10/4=9.40 km. 2.Dongitrai Pipraud Umarpoti Sundarkera Road (Main District Road) 1/2 to 17/2=6.20 km. 3. Tarri Pateva Road (Rural Road) 1/2 to 4/2 = 3.20 km. 4. Chipridih Internal Road (Rural Road) 1/2 to 2/8 (1.65 km) 5.Khola Thelkabandha Dadarjhori Road (VR) 1/2 to 5/6 Length 4.60 km) 6. Jawaibandha approach road (VR) 1/2 to 1/6 Length 0.60 km 7. Jawaibandha-Khola road (VR) 1/2 to 3/6 Length 2.60 km 8. Nawagaon Jaundi Marg (VR) 1/2 to 3/10=3.00 km. 9. Navapara Chhanta Kathiya Road (MDR) 1/2 to 13/10=12.75 km. 10. Navagaon Parsada Road (Rural Road) 1/2 to 1/10=0.85 km. 11. Sonth Ghont Road (Rural Road) 1/2 to 2/10=2.00 km. 12. Navapara Paragaon Road (Rural Road) 1/2 to 1/10=1.00 km. 13. Lakhna-Champaran Road (Rural Road) 1/2 to 5/10 5.00 km. 14. Sonesilli-Chhata Road (Rural Road) 1/2 to 2/10 (2.00 km). | रू. 80.00 लाख |
| 109/156120 | B.T. Patch Repair Work, Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads Of Abhanpur Section No 01,Section No.02 & Khilora Section Under Sub Division Abhanpur 1. Jamgaon-Khola Road (VR) 1/2 to 2/4 Length 1.40 km 2. Satpara Approach road (VR) 1/2 to 1/10 1.00 km. 3. Sarkhi Sakri Beler Sarabada Road (MDR) length 8.30 km. 4. Kendriya Singarbhatha Chhachanpari Marg (MDR) 7/10 to 10/2= 2.00 km. 5. Parsulidih Lamkeni Dhodhara Road (MDR) 1/4 to 2/6, 3/4 to 3/6, 4/4 to 4/6 and 2.20 km. 6. Chhote Urla Approach roads (VR) 1/2 to 1/10=1.00 km. 7. Baler-Kopedih Road (Rural Road) 1/2 to 1/4 =0.30km. 8. Abhanpur Biroda Approach road length (rural road) 2/2 to 2/4= 0.25 km. 9. Urla Pacheda Road Length (Rural Road) 6/2 to 7/2 (75 m)= 1.075 km 10. Chandi Belar Sarbada Marg (Rural Road) 3/2 to 3/6 4/2 to 4/8(70 m)=1.270 km. 11. Abhanpur Kolar Tekari Marg (MDR) Km. 1/2 to 3/6=5/2 to 11/2 = 8.47 km. 12. Chhachanpari Julum Mundra Marg (VR) 1/2 to 3/4-5/6 to 6/10=3.70 km. 13. Amadi Raveli Marg (Rural Road) 1/2 to 2/10= 3.68 km. 14. Bendri Approach road (rural road) 1/2 to 2/2 = 1.20 km. 15. Jhanki Baktara Biroda Marg (Rural Road) 1/2 to 8/4= 7.30 km. 16. Chhachanpari Khilora Marg (Rural Road) 1/2 to 3/4 = 2.40 km. | रू. 80.00 लाख |

डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.08.2024 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि मण्डल क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)

G -242501250/3

**कार्यालय कलेक्टर
(भू-अभिलेख शाखा) जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा जिला जांजगीर चाम्पा के निविदा सूचना क्रमांक 110/अ.भू.अ./2024 दिनांक 11.07.2024 के माध्यम से डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) योजना अंतर्गत नवीन तहसील बम्हनीडीह के मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के रिकॉर्ड स्कैनिंग इत्यादि कार्य हेतु निविदा आमंत्रण किया जाता है । जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र / लिफाफा एवं आवश्यक नियम व शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से दिनांक 19.07.2024 से दिनांक 08.08.2024 तक कार्यालयीन समय पर राशि 1000 रु. जमा कर प्राप्त किया जा सकता है । निविदा हेतु समय सारणी निम्नानुसार है-

1. निविदा फॉर्म बिक्री प्रारंभ की तिथि - दिनांक- 19.07.2024 से कार्यालयीन समय पर
2. निविदा फॉर्म बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक 08.08.2024 शाम 4.00 बजे तक
3. निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 08.08.2024 शाम 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय - दिनांक 09.08.2024 कार्यालयीन समय पर स्थान- कक्ष क्रमांक – 23, कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा), जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

संयुक्त कलेक्टर एवं
प्रभारी अधिकारी, भू अभिलेख
जिला - जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

G -242501249/3

**Kushabhau Thakre
Patrakarita Avam Jansanchar Vishwavidyalaya**
**Admission Notice 2024**
University of Journalism & Mass Communication
Kathadih (Bhatagaon), Raipur- 492013, Chhattisgarh. www.ktjum.ac.in

**Under Graduate Courses (Hon.)***
BA (Mass Communication)
B.Sc. (Multimedia)
B.Sc. (Electronic Media)
B.Sc. (Graphics and Animation)
BBA (Bachelor of Business Administration)
BBA (Hospital Administration)
BBA (E-Commerce)
*All Under Graduate honours Courses shall be run as per National Education Policy 2020

**Post Graduate Diploma Courses**
Journalism DCA
Event Management PGDCA
Corporate Communication
For Carrier Guidelines and Course Curriculum please contact the respective Heads of Department.

**Post Graduate Courses**
MJ (Master of Journailsm)
MA (Advertising and Public Relations)
MA (Mass Communication)
MA (Health Communication)
MA (Tourism and Travel Communication)
MA (Rural and Tribal Communication)
MA (Digital Media)
M.Sc. (Electronic Media)
MA (Film Studies)
MBA (Hospital Administration)
MBA (Media Management)
MBA (Human Resource Development)
MA (Prayojanmulak Hindi, Sahitya Avam Anuvad)
MA (Chhattisgarhi)
MSW, B.Lib & I.Sc, M.Lib & I.Sc

Applications are invited for vacant seats. For more information regarding online applications and admissions, please visit the university website: www.ktujm.ac.in.

For online application form fillup / Computer related difficulties - Please call on 0771-2969202 Registrar I/c

# कारगिल युद्ध की 25 वीं वर्षगांठ के मौके पर 26 जुलाई को द्रास जाएंगे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कारगिल युद्ध की 25 वीं वर्षगांठ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह 26 जुलाई को द्रास का दौरा करेंगे। यहां वह कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। लद्दाख के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर बी.डी.मिश्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि प्रधानमंत्री की लद्दाख की इस यात्रा को लेकर पिछले रविवार को सचिवालय में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें उन्होंने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वो पीएम की द्रास यात्रा से जुड़ी हुई सभी तैयारियों को समय पर पूरा करें। इसके अलावा द्रास में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की 8 माउंटेन डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग से द्रास ब्रिगेड हेलीपैड में आयोजित किए जाने वाले पीएम के स्वागत रिसेप्शन से जुड़ी तैयारियों का भी जायजा लिया।

**कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)**
Phone No. - 0771-2439725 Email ID-dfojunglesafari@yahoo.com

**(विज्ञप्ति)
संक्षिप्त निविदा सूचना ( वन विभाग )**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर के अंतर्गत नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर में रखे गये वन्यप्राणियों के भोजन हेतु खल्ली मुंगफल्ली, गेहू कुट्टी, महुआ फूल, पशुआहर, चोकर, चना फल्ला, देशी चना एवं हरा चारा की आवश्यकता हेतु दर निर्धारण कर क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जा रहा है।

निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नम्बर 39 अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में विस्तृत जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा प्रतिदिन (कि.ग्रा.) | धरोहर राशि | सामग्री पहुंच स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खल्ली मुंगफल्ली | 111 किलो | 30,000.00 | नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) |
| 2 | गेहू कुट्टी | 422 किलो | 27,000.00 | |
| 3 | महुआ फूल | 40 किलो | 22,000.00 | |
| 4 | पशुआहार | 342 किलो | 99727.00 | |
| 5 | चोकर | 395 किलो | 106650.00 | |
| 6 | चना फल्ला | 267 किलो | 86508.00 | |
| 7 | देशी चना | 182 किलो | 169344.00 | |
| 8 | हरा चारा | 1712 किलो | 277420.00 | |

| विवरण | प्रथम निविदा दिनांक | समय | द्वितीय निविदा दिनांक | समय | तृतीय निविदा दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | 23.08.2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक | 29.08.2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक | 04.09.2024 | अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा की अंतिम तिथि | 23.08.2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक | 29.08.2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक | 04.09.2024 | अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 23.08.2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक | 29.08.2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक | 04.09.2024 | अपरान्ह 04.00 बजे तक |

टीप :- प्री बीट मिटिंग दिनांक 21/08/2024 समय 11.00 बजे
स्थान :- कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नम्बर 39 अटल नगर नवा रायपुर

संचालक सह वनमंडलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

G -242501271/1

# रूसी मूल के अमेरिकी पत्रकार दोषी करार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई।

अदालत के दस्तावेजों और अधिकारियों से सोमवार को यह जानकारी प्राप्त हुई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरश्कोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**वृत्त - रायपुर अन्तर्गत**
**ऑनलाईन** ऑफर आधार पर विक्रय हेतु उपलब्ध सम्पत्ति
रायपुर शहर के प्राईम लोकेशन में बंगलो (स्वतंत्र भवन) क्रय करने का सुनहरा अवसर

**प्रक्षेत्र - 1 कबीर नगर रायपुर अन्तर्गत स्ववित्तीय आधार पर ऑनलाईन ऑफर के माध्यम से उपलब्ध सम्पत्ति**

| क्र. | स्थान/कालोनी का नाम | उपलब्ध भवनों के प्रकार | रिक्त भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | कुर्सी क्षेत्रफल (वर्ग फीट में) | भवनों का मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | दीनदयाल उपाध्याय नगर डगनिया | सिनी. एच.आई.जी. भवन क्रं.-94 | 01 | 2314.47 | 2397.22 | 113.84 | 11.38 |
| 2. | | सिनी. एच.आई.जी. भवन क्रं.-95 | 01 | 2295.10 | 2397.22 | 113.39 | 11.33 |
| 3. | | सिनी. एच.आई.जी. भवन क्रं.-96 | 01 | 3030.01 | 2397.22 | 137.15 | 13.72 |
| 4. | | सिनी. एम.आई.जी. भवन क्रं.-180 | 01 | 1349.30 | 1364.15 | 69.31 | 6.93 |
| 5. | | सिनी. एम.आई.जी. भवन क्रं.-181 | 01 | 1349.30 | 1364.15 | 66.35 | 6.63 |
| 6. | | सिनी. एम.आई.जी. भवन क्रं.-182 | 01 | 1562.35 | 1364.15 | 74.73 | 7.47 |
| 7. | | सिनी. एम.आई.जी. भवन क्रं.-217 | 01 | 1872.24 | 1364.15 | 82.60 | 8.26 |
| 8. | | सिनी. एम.आई.जी. भवन क्रं.-218, 219 | 02 | 1185.75 | 1364.15 | 62.55 | 6.26 |

नियम एवं शर्ते - 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी., द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. क्रमांक 1 से 8 के भवनों का आबंटन स्ववित्तीय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से प्रत्येक 15 दिवस में ऑफर प्राप्त कर खोले जाएंगे। अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में खोले जाएंगे। ऑफर स्वीकृति पश्चात् निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा नहीं करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जाएगी। 3. वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन ऑफर आवेदन दिनांक 30 सितम्बर 2024 तक किया जा सकता है। 4. अन्य नियम एवं शर्त आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। 5. अधिक जानकारी हेतु संपदा अधिकारी/कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र - 1 रायपुर सूचना केन्द्र छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर तथा शंकर नगर से सम्पर्क करें या वीजिट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

सम्पर्क - प्रक्षेत्र - 1 कबीर नगर, रायपुर - 9424209061, 9827945949, 9827985143

आवेदन की अंतिम तिथि
30 सितम्बर 2024

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास

टोल फ्री नं. 1800 121 6313

## खबर संक्षेप

### सोना 100 रुपए मजबूत चांदी 600 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की मजबूती के साथ 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। हालांकि चांदी की कीमत 600 रुपये टूटकर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

### रुपया तीन पैसे बढ़कर 83.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया सोमवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से नीचे आने के कारण रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर से उबर गया है और सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है।

### यूको बैंक के शुद्ध लाभ में 147 फीसदी का इजाफा

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 147 प्रतिशत बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 223 करोड़ रुपये था। कुल कारोबार सालाना आधार पर 11.46 प्रतिशत बढ़कर 4,61,408 करोड़ रुपये हो गया, जबकि सकल अग्रिम 17.64 प्रतिशत बढ़कर 1,93,253 करोड़ रुपये रहा।

# अब चावल पर निर्यात में ढील दे सकती है सरकार, साढ़े तीन गुना हुआ सुरक्षित भंडार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चावल के सुरक्षित भंडार की मात्रा और खरीफ सीजन में शानदार बुवाई को देखते हुए देश से चावल के निर्यात पर लगी पाबंदियां आसान किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि सरकार अनुकूल फैक्टर्स को देखते हुए निर्यात पर लगी रोक में ढील देने के बारे में विचार कर रही है। जल्दी ही निर्यात शुरू करने को लेकर सरकार से मंजूरी मिल सकती है।

■ अभी गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्ट के तहत शिपमेंट की मात्रा बढ़ाई जा सकती है

सरकार चावल के निर्यात पर लगी रोक को आसान बनाने पर विचार कर रही है। अभी गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्ट के तहत शिपमेंट की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। उसके साथ-साथ पिछले साल लगाए गए कुछ सामान्य प्रतिबंध भी हटाए जा सकते हैं। सरकार राज्यों को भी अतिरिक्त चावल आवंटन कर सकती है। इस संबंध में जल्द ही मंत्रियों के समूह की बैठक हो सकती है।

## सरकार चावल के निर्यात पर लगी रोक को आसान बनाने कर रही विचार

### चावल के निर्यात पर ये पाबंदियां

सरकार ने चावल की कीमतें लगातार बढ़ने के बाद निर्यात पर पूरी तरह से रोक लगाने का फैसला किया था। पिछले साल से चावल की थोक महंगाई लगातार 10 फीसदी से ज्यादा बनी हुई थी। सरकार ने टूटे चावल के निर्यात पर अगस्त 2022 में रोक लगाई थी। उसके बाद जुलाई 2023 में गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात को रोक दिया गया था। वहीं अगस्त 2023 से उसना चावल पर 20 फीसदी एक्सपोर्ट ड्यूटी और बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात दर की पाबंदी लागू है।



### व्यापारी पहले से कर रहे हैं मांग

चावल के व्यापारी लंबे समय से चावल के निर्यात पर लगी रोक को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में व्यापारियों की पिछले महीने सरकारी अधिकारियों के साथ मुलाकात हुई थी। चावल व्यापारियों ने केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में एफसीआई के पास सुरक्षित भंडार की तय मात्रा से साढ़े 3 गुना भंडार जमा होने का हवाला देते हुए रोक हटाने की मांग की थी।

### एफसीआई के पास 32.98 मिलियन टन चावल

यह खबर ऐसे समय आई है, जब बताया जा रहा है कि फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के पास चावल का पर्याप्त भंडार जमा हो चुका है। एफसीआई के पास अभी इतना चावल जमा हो चुका है, जो सुरक्षित भंडार के लिए आवश्यक सीमा से साढ़े तीन गुना है। एफसीआई के पास अभी 47.01 मिलियन टन अनाज है, जिसमें 32.98 मिलियन टन चावल और 14.12 मिलियन टन गेहूं शामिल है।

■ निवेश का बाजार मूल्य राष्ट्रीय आय के आंकड़े में नहीं आ रहा

■ एनएसई में पंजीकृत निवेशक आधार लगभग तीन गुना हुआ

### मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन ने आर्थिक समीक्षा में कहा

# अब परिवार वित्तीय संपत्तियों में कर रहे ज्यादा निवेश, संकट वाली कोई बात नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि परिवार वित्तीय परिसंपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे हैं और उनका बाजार मूल्य राष्ट्रीय आय के आंकड़े में नहीं आ रहा है।

संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में पंजीकृत निवेशक आधार मार्च, 2020 से मार्च, 2024 तक लगभग तीन गुना होकर 9.2 करोड़ हो गया है। इसका अर्थ यह है कि अब 20 प्रतिशत भारतीय परिवार अपनी घरेलू बचत को वित्तीय बाजार में लगा रहे हैं।

### भौतिक संपत्तियों के बचत में सुधार

नागेश्वरन ने कहा, 'परिवार संकट में नहीं हैं और वे वित्तीय संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं और इन संपत्तियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। साथ ही, भौतिक संपत्तियों में बचत में सुधार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गई है, जो 2020-21 में 10.8 प्रतिशत थी।

## अब 20 फीसदी भारतीय परिवार घरेलू बाजार में पैसा लगा रहे

### बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ी

सीईए ने कहा, 'देखा जाए तो पिछले चार साल में एसआईपी और म्यूचुअल फंड के माध्यम से शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ी है। राष्ट्रीय आय के आंकड़ों में इसे बाजार कीमतों पर दर्ज नहीं किया जाता है। यही कारण है कि ऐसा महसूस होता है कि परिवारों की वित्तीय संपत्तियों की तुलना में वित्तीय देनदारियां तेजी बढ़ी हैं।'



### छोटे कर्जों के चूक के आंकड़े बढ़े

नागेश्वरन ने कहा कि छोटे कर्जों के चूक के आंकड़े भी घरेलू क्षेत्र में संकट के संकेत को नहीं देते हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मई में जारी राष्ट्रीय आय 2024 के आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में शुद्ध घरेलू बचत तेजी से घटकर 14.16 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 17.12 लाख करोड़ रुपये और 2020-21 में 23.29 लाख करोड़ रुपये थी।

### वैश्विक आईफोन का 14 प्रतिशत भारत में बना

अमेरिकी स्मार्टफोन कंपनी एप्पल ने वित्त वर्ष 2023-24 में वैश्विक आईफोन का 14 प्रतिशत भारत में 'असेंबल' किया और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में देश की रैंकिंग में चार पायदान का सुधार हुआ। आर्थिक समीक्षा 2023-24 में यह जानकारी दी गई है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में मोबाइल फोन खंड ने अधिकतम वृद्धि हुई है। अमेरिका को निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 5.7 अरब डॉलर हो गया।

### एप्पल ने भारत में असेंबल किए आईफोन

आर्थिक समीक्षा में तीसरे पक्ष के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया गया, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एप्पल ने भारत में 14 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन 'असेंबल' किए, जो उसके वैश्विक आईफोन उत्पादन का 14 प्रतिशत है। इसमें कहा गया, फॉक्सकॉन ने कर्नाटक और तमिलनाडु में एप्पल मोबाइल फोन का उत्पादन शुरू किया।




### अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान से अधिक रहेगी : उद्योग

उद्योग निकायों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आर्थिक समीक्षा में जताए गए 6.5-7 प्रतिशत के अनुमान को पार कर जाएगी। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि आगामी बजट में देश की वृद्धि क्षमता को उजागर करने के उपाय किए जाएंगे।

### भारत का नजरिया व्यावहारिक : सीआईआई

प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि इसका नजरिया व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज 2047 तक भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में साहसपूर्वक आगे बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी नजरिया देता है। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा, समीक्षा भारत की वृद्धि गाथा के बारे में सकारात्मक है, और मुझे भरोसा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि समीक्षा में दिए गए पूर्वानुमान को पार कर जाएगी।

# सेवाओं के लिए एक विक्रेता पर निर्भर रहना जोखिम से भरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में व्यवधान के कुछ दिन बाद भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने सोमवार को विनियमित संस्थाओं के एक विक्रेता पर निर्भर रहने के जोखिमों से सचेत किया। राव ने घरेलू रेटिंग एजेंसी 'केयरएज' के एक कार्यक्रम में यहां कहा कि आरबीआई के एक सर्वेक्षण में पाया गया है कि विनियमित संस्थाएं जिन ऋण सेवा प्रदाताओं की सेवाएं ले रही हैं, उनमें से कई के पास ग्राहक निवारण तंत्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विनियमित संस्थाओं के लिए अपने तीसरे पक्ष के जुड़ावों को अधिक सजगता के साथ देखना जरूरी है। राव ने जोखिमों के उदाहरण के रूप में विशेष रूप से माइक्रोसॉफ्ट व्यवधान का जिक्र किया। साइबर सुरक्षा में तीसरे पक्ष की मदद के बारे में राव ने एकल विक्रेताओं पर निर्भरता की बात कही।




■ आरबीआई के डिप्टी गर्वनर राव ने किया सचेत

सीईए ने कहा, 'तीसरे पक्ष पर निर्भरता भी बाध्य कर सकती है, जहां विनियमित संस्थाएं महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए एक विक्रेता पर निर्भर हो जाती हैं।

### सॉफ्टवेयर पर निर्भरता की कमी की उजागर

पिछले सप्ताह शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में व्यवधान के कारण उड़ानें बंद हो गईं, वित्तीय संस्थाएं और अस्पताल प्रणाली भी बाधित हुईं थीं। इस आईटी व्यवधान ने मुट्ठी भर प्रदाताओं के सॉफ्टवेयर पर निर्भरता की कमी को उजागर किया।

## खराब आदतों के लिए काफी हद तक निजी क्षेत्र जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया, स्क्रीन टाइम (मोबाइल फोन और कंप्यूटर चलाने का समय) और अस्वास्थ्यकर भोजन जैसी 'खराब आदतों' में निजी क्षेत्र का योगदान काफी बड़ा है। ये आदतें सार्वजनिक स्वास्थ्य, उत्पादकता को कमजोर कर सकती हैं और भारत की आर्थिक क्षमता को नीचे ला सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 में कहा कि 'श्रम के स्थान पर पूंजी को प्राथमिकता देना दीर्घकालिक कॉरपोरेट वृद्धि संभावनाओं के लिए हानिकारक है। इसका संदर्भ मांग की कमी का हवाला देते हुए निवेश करने में व्यवसायों द्वारा दिखाई गई अनिच्छा से है। समीक्षा में कहा गया, 'भारत की कामकाजी आयु वर्ग की आबादी को लाभकारी रोजगार पाने के लिए कौशल और अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता है।


**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक /डॉ.भी.अ.चि. / क्रय/2024/12024 रायपुर दिनांक 19/07/2024

**"ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना"**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के विभिन्न विभागों से संबंधित दवाईयां, इम्प्लांट एवं सामग्री क्रय हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 156392, 155680 में देखा जा सकता हैं।

| DETAIL | BID SUBMISSION START DATE | BID DUE DATE | PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE |
|---|---|---|---|
| 156392 LOCAL PURCHASE | 24 JUL, 2024 5:30:00 PM IST | 01 AUG, 2024 12:00:00 PM IST | 01 AUG, 2024 12:30:00 PM IST |
| 155680 ORTHO IMPLANT | 25 JUL, 2024 5:30:00 PM IST | 27 AUG, 2024 12:00:00 PM IST | 27 AUG, 2024 12:30:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ. ग.)

G-242501255/1


## बिजनेस साइट

### एक्सिस बैंक देशव्यापी स्वच्छता अभियान के लिए सम्मानित

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने एक देशव्यापी स्वच्छता अभियान, 'ओपन फॉर द प्लैनेट क्लीन-अ-थॉन' के लिए सम्मानित किया है। एक्सिस बैंक को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से दो खिताब मिले जिनमें 'एक सप्ताह में कई पर्यटक स्थलों पर सबसे अधिक कचरा इकट्ठा करने' और 'एक सप्ताह में सबसे अधिक पर्यटक स्थलों की सफाई' से जुड़े सम्मान शामिल हैं।

यह लगातार दूसरा साल है जब प्रकृति संरक्षण के प्रति बैंक के उल्लेखनीय योगदान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली है। यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण



और वहनीय विकास के प्रति बैंक के समर्पण को दर्शाती है। एक्सिस बैंक ने 5 जून से 12 जून, 2024 तक चलने वाले सप्ताह भर के स्वच्छता अभियान के दौरान, 24 गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर वाराणसी के घाट, दिल्ली में कुतुब मीनार, असम में काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, हैदराबाद में गोलकुंडा किला, शिमला में मॉल रोड आदि जैसे तेईस पर्यटक स्थलों से करीब 13,000 किलोग्राम कचरा इकट्ठा किया।

### रामकृष्ण केयर अस्पताल में 'पिंक एक्सप्रेस' वैन का हुआ शुभारंभ

**रायपुर।** कैंसर के प्रारंभिक पहचान के लिए रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सोमवार को मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन का उद्घाटन किया गया। यह बस पूरे राज्य में यात्रा करेगी ताकि प्रारंभिक चरण के स्तन कैंसर, मुख कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की पहचान की जा सके। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद एक कुशल डॉक्टरों की टीम मरीजों को आगे के कैंसर उपचार के लिए मार्गदर्शन करेगी, जिससे समय पर सटीक चिकित्सा व देखभाल सुनिश्चित हो सके। स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग थर्मोग्राफी द्वारा की जाएगी। यह एक नई तकनीक है जिसमें बिना स्पर्श, बिना दर्द और बिना रेडिएशन के स्क्रीनिंग किया जायेगा। इस पहल को डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. देवा दुलाल बिश्वाल, डॉ. सौरभ जैन, ऑन्कोलॉजी



विभाग एवं सनराइज फाउंडेशन और सन एंड सन ग्रुप के श्याम शर्मा द्वारा किया जा रहा है। डॉ. रवि जायसवाल ने बताया कि हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी महिला की कैंसर से जान न जाये, इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर कैंसर स्क्रीनिंग अभियान चलाने की जरूरत है। इसीलिए हमने निशुल्क स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया है और प्रारंभिक चरण में 100 से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर और 50 पुरुषों की मुख कैंसर के लिए स्क्रीनिंग की।

### महिंद्रा की न्यू आईकान 'थार रॉक्स' स्वतंत्रता दिवस पर होगी लांच

**मुंबई।** महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड भारत की शीर्ष एसयूवी निर्माता कंपनी ने अपने नवीनतम एसयूवी ब्रांड के नाम की घोषणा 'थार रॉक्स' के रूप में की।
ऑटोमोटिव उद्योग में न्यू मानकों को स्थापित करने एवं प्रमाणिक एसयूवी के निर्माण के लिए सुविख्यात महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड ने अपनी नवीनतम 'द' एसयूवी को प्रस्तावित किया है। 'द' एसयूवी थार रॉक्स संघर्ष, प्रदर्शन, सुरक्षा एवं तकनीकी का अतुल्य मेल है।

## चीन के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में कटौती की

**बैंकॉक।** चीन के केंद्रीय बैंक ने अपनी पांच वर्षीय प्रमुख ऋण दर और एक वर्षीय दर दोनों में कटौती की है। यह कदम उसके संपत्ति क्षेत्र को पुनर्जीवित करने और धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए उठाया गया है।

पांच साल की दर में 10 आधार अंकों की कटौती की गई जिससे यह 3.95 प्रतिशत से 3.85 प्रतिशत हो गई है। एक साल की दर को 3.45 प्रतिशत से घटाकर 3.35 प्रतिशत कर दिया गया। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने बैंकों के लिए अपनी मध्यम अवधि की ऋण सुविधा के लिए संपार्श्विक आवश्यकताओं को भी कम कर दिया है। बैंक ने कहा कि इसका मकसद बॉन्ड बाजार पर दबाव कम करना है।


**-:: प्रबंधक की नियुक्ति हेतु विज्ञापन ::-**

कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. सूरजपुर में व्यक्तिगत / रजिस्टर्ड डाक से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि- **दिनांक 25.07.2024 से 20.08.2024 तक, प्रातः 11:00 से 05:00 सायं तक**

संघ मुख्यालय रायपुर के आदेश क्रमांक/वनो./पंजी/सह/2016/01 रायपुर, दिनांक 19.05.2016 द्वारा स्वीकृत "प्राथमिक वनोपज सहकारी संस्था मर्यादित प्रबंधक सेवा (नियोजन, निबंधन तथा कार्य स्थिति) नियम" सेवा नियम के अध्याय-2 अनुसार जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. सूरजपुर कार्यक्षेत्र अन्तर्गत कार्यरत प्राथमिक वनोपज सहकारी **समिति रेवटी एवं लांजित में प्रबंधक** के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | समिति का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. रेवटी | 1 |
| 2. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. लांजित | 1 |

प्रबंधक नियुक्ति से सम्बन्धित विस्तृत नियम, शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या सूरजपुर एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. रेवटी एवं लांजित के कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं।

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर

S-40900/1



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 03/2024-25/STPKG/RWD/EE/JSR दिनांक :- 20.07.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/EE/JSR/ STPKG/01/ 2024-25 | घोड़ाबांधा, दंगाड़दागिरी से बिनापानी हाई स्कूल भाया धानचट्टनी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–4.750 कि0मी0) | 87,49,400.00 | सतासी लाख उन्चास हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| | | पारडीह काली मंदिर से मिर्जाडीह भाया आशियाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–4.000 कि0मी0) | 6,42,46,400.00 | छः करोड़ बयालीस लाख छियालीस हजार चार सौ रू0 मात्र | |
| | | क्दमा हितकु चौक से गोविन्दपुर रेलवे हाल्ट भाया महतोडीह बारी आश्रम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–5.300 कि0मी0) | 68,36,000.00 | अड़सठ लाख छत्तीस हजार रू0 मात्र | |
| | | टी06 से बयांगबिल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–2.500 कि0मी0) | 1,25,50,800.00 | एक करोड़ पच्चीस लाख पचास हजार आठ सौ रू0 मात्र | |
| | | हुलूदबनी शितला चौक से बयांगबिल ग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–3.200 कि0मी0) | 1,56,15,100.00 | एक करोड़ छप्पन लाख पन्द्रह हजार एक सौ रू0 मात्र | |
| | | कुल | 10,79,97,700.00 | दस करोड़ उनासी लाख सन्तानवे हजार सात सौ रू0 मात्र | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.08.2024।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.08.2024 पूर्वाह्न 11.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर, ब्लॉक–करनडीह, थाना–परसुडीह, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902।
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

PR.NO.330281 REO(24-25):D


## आईटी ने आयकर रिटर्न भरने की तारीख बढ़ाए जाने की खबर को फेक बताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंटने आयकर रिटर्न फाइलिंग की तारीख बढ़ाये जाने की खबरों को फेक करार दिया है. इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए टैक्सपेयर्स को सभी अपडेट्स के लिए इनकम टैक्स विभाग के आधिकारिक पोर्टल या वेबसाइट देखने की सलाह दी है।

इनकम टैक्स विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, हमारे संज्ञान में ये खबर आई है कि सोशल मीडिया में वायरल हो रही है जिसमें आयकर रिटर्न भरने की तारीख के 31 अगस्त, 2024 तक एक्सटेंशन का दावा किया जा रहा है। आयकर विभाग ने कहा, ये पूरी तरह से फेक न्यूज है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया पोस्ट पर टैक्सपेयर्स को




सभी अपडेट्स के लिए इनकम टैक्स विभाग के आधिकारिक पोर्टल या वेबसाइट देखने की सलाह दी है।

### रिफंड मैसेज से रहे सावधान

इनकम टैक्स विभाग ने टैक्सपेयर्स को रिफंड वाले मैसेज से भी सावधान रहने को कहा है। इनकम टैक्स विभाग ने बताया कि एक व्यक्ति को फेक इनकम टैक्स रिफंड वाले मैसेज पर क्लिक करने के बाद 1.50 लाख रुपये गंवाना पड़ा है। विभाग ने बताया कि, उसे फ्रॉड ऐप पर जाने के लिए कहा गया जिसपर जाने के बाद फोन हैक हो गया और उसके बैंक खात से रकम कट गए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची**

**अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– PR 322479 REO (23-24):D दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा संख्याः– 10/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 17/ STPKG/01/ 2023-24 | बरहे से कैम्बो पुल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–3.100 कि0मी0) | 10,25,64,000.00 | दस करोड़ पच्चीस लाख चौंसठ हजार रूपये मात्र। | 15 माह | पंचम |
| | | एन0एच0–23 भूतपूर्व सैनिक होटल से कटहल टोली मतला महतो के घर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–1.315 कि0मी0) | | | | |
| | | एन0एच0–23 बारेडीह से भसनंदा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–2.700 कि0मी0) | | | | |
| | | एन0एच0–75 से चौरेया पथ भाया करकट तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–2.750 कि0मी0) | | | | |
| | | एन0एच0–75 से बुचीपुल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–1.200 कि0मी0) | | | | |
| | | एन0एच0–75 से मलटोटी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–2.500 कि0मी0) | | | | |
| | | एन0एच0–75 से पाटुक खखराटांड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–1.100 कि0मी0) | | | | |
| | | मुड़मा चौक से बरगड़ी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–1.200 कि0मी0) | | | | |
| | | बंझिला पंचायत अन्तर्गत बुढ़ाखुखरा से गोरे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–2.100 कि0मी0) | | | | |
| | | एस0एच0 खेलारी पथ चौरिया से तरंगा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।, (ल0–1.100 कि0मी0) | | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–24.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–31.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–02.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 330329 REO(24-25)#D

26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में होगा टूर्नामेंट का आयोजन

# ओलंपिक : पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-बहन और भाई-भाई... भारत की इन जोड़ियों ने जमाए रंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओलंपिक 2024 का आयोजन 26 जुलाई से फ्रांस की राजधानी पेरिस में होगा। ओलंपिक खेलों में देश की ओर से खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। खेलों के महाकुंभ में देश की ओर से खेलते हुए 'पोडियम' पर पदक के साथ खड़े होना अलग ही गर्व की अनुभूति देता है। भारत ने 1900 से ओलंपिक में भाग लेना शुरू किया है। ओलंपिक 1900 से 2020 तक अच्छी खासी संख्या में खिलाड़ी भारतीय दल का हिस्सा रहे हैं, इसमें पिता-पुत्र, भाई-भाई, भाई बहन, बहन-बहन और पति-पत्नी की कुछ जोड़ियां भी शामिल हैं। इन जोड़ियों में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद दो कैटेगरी में शामिल हैं। ध्यानचंद और उनके भाई रुपसिंह ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार भी बाद में मेंस हॉकी में भारतीय टीम की ओर से खेले। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में ब्रॉन्ज जीतने वाली भारतीय टीम में अशोक शामिल थे।



भाई-भाई

## ध्यानचंद-रुपसिंह

हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के अलावा उनके छोटे भाई रूपसिंह भी ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। दोनों भाई फॉरवर्ड की हैसियत से भारत के लिए खेले। ध्यानचंद 1928, 1932 और 1936 में लगातार तीन ओलंपिक गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे जबकि रूपसिंह 1932 और 1936 ओलंपिक की भारतीय टीम के। दोनों ही प्लेयर का भारत को गोल्ड जिताने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**पिता-पुत्र : ध्यानचंद-अशोक कुमार** : दुनिया के सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ हॉकी प्लेयर माने गए ध्यानचंद ने 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में भारत को गोल्ड दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार भी पिता की तरह ड्रिब्लिंग और स्टिकवर्क के लिए मशहूर थे। अशोक ने 1972 और 1976 के ओलंपिक में हिस्सा लिया। इसमें से 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

## पिता-पुत्र : वेस पेस और लिएंडर पेस



1972 के म्यूनिख ओलंपिक में जिस भारतीय टीम ने मेंस हॉकी का ब्रॉन्ज मेडल जीता था उसमे टेनिस स्टार लिएंडर पेस के पिता वेस पेस भी शामिल थे। वेस मिडफील्डर की हैसियत से खेलते थे। ओलंपिक में वेस की इस कामयाबी के 24 साल बाद उनके बेटे लिएंडर ने टेनिस की सिंगल्स इवेंट में भारत के लिए मेडल जीता। संयोग देखिए कि लिएंडर की ओर से जीता गया यह मेडल भी पिता की तरह कांस्य ही था। लिएंडर ने भारत की ओर से रिकॉर्ड 7 ओलंपिक में हिस्सा लिया.

भाई-बहन

## डोला-राहुल



ओलंपिक की तीरंदाजी इवेंट में भाई-बहन की जोड़ी भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं। बड़ी बहन डोला ने 2004 और 2008 के ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था जबकि राहुल बनर्जी 2012 के लंदन ओलंपिक की भारतीय टीम के सदस्य थे। ओलंपिक में डोला और राहुल ने एक साथ तो भाग नहीं लिया लेकिन कुछ इवेंट में वे दोनों भारतीय दल का हिस्सा रहे हैं।

बहन-बहन

## गीता-बबीता



गीता फोगाट 2012 के ओलंपिक में भारत की ओर से उतर चुकी हैं। गीता की छोटी बहन बबीता भी 2016 के रियो ओलंपिक में भारतीय दल की सदस्य थीं। इन दोनों की चचेरी बहन विनेश फोगाट भी टोक्यो ओलंपिक में खेल चुकी हैं। विनेश पेरिस ओलंपिक के भारतीय दल में भी


### पति-पत्नी की जोड़ियों ने किया कमाल

## अतनु-दीपिका



दीपिका कुमारी और अतनु दास की गिनती देश के अग्रणी तीरंदाज में की जाती है। दोनों ने ऑर्चरी की कई इवेंट में साथ शिरकत की। 2020 में अपने रिश्ते को आगे बढ़ाकर ये पति-पत्नी बने। दीपिका ने अब तक 3 ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया है। पेरिस ओलंपिक में भी वे जौहर दिखाती नजर आएंगी। वर्ष 2020 के टोक्यो ओलंपिक में तो ये पति-पत्नी के रूप मे भारत की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। दीपिका के पति अतनु को 2020 ओलंपिक की मेंस इंडिवजुअल इवेंट के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

## साइना-कश्यप



ओलंपिक में भाग लेने वाले प्लेयर्स में पारुपल्ली कश्यप और साइना नेहवाल भी शामिल हैं जो बाद में पति-पत्नी बने। दुनिया की नंबर एक बैडमिंटन प्लेयर रहीं साइना की बात करें तो उन्होंने 2008, 2012 और 2016 के ओलंपिक में हिस्सा लिया। यही नहीं, 2012 के लंदन ओलंपिक में वे कांस्य जीतीं। कश्यप भी 2012 के लंदन ओलंपिक में खेले थे और बैडमिंटन की मेंस सिंगल्स इवेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। ओलंपिक में साइना और कश्यप प्लेयर के तौर पर शामिल हुए थे। बाद में अपने रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए इन दोनों ने दिसंबर 2018 में शादी की और पति-पत्नी बने।

## गोपीचंद और लक्ष्मी

बैडमिंटन के खेल मे भारत की यदि बैडमिंटन में विश्व स्तर पर धूम है तो इसका पूरा श्रेय पुलेला गोपीचंद को जाता है। गोपीचंद ने बैडमिंटन से रिटायर होने के बाद कोचिंग शुरू की और बड़ी संख्या में प्लेयर्स के खेल को तराशा। गोपीचंद ने 2000 के सिडनी ओलंपिक और पीवीवी लक्ष्मी ने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 2002 में दोनों विवाह बंधन में बंधे और अब पति-पत्नी हैं।

## खबर संक्षेप




### सपोर्ट स्टाफ में 4 दिग्गज शामिल

**मुंबई।** गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ को लेकर बड़ी जानकारी दी। गंभीर ने कहा कि पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अभिषेक नायर और नीदरलैंड्स के दिग्गज रयान टेन डोशेट श्रीलंका दौरे पर असिस्टेंट कोच की भूमिका निभाएंगे। वहीं पूर्व भारतीय ऑलराउंडर साईराज बहुतुले इस टूर पर अंतरिम गेंदबाजी कोच होंगे। जबकि टी दिलीप फील्डिंग कोच के तौर पर श्रीलंका जाएंगे। गौतम गंभीर कहते हैं, 'कोचिंग स्टाफ का सार यही है, लेकिन हम श्रीलंका दौरा खत्म होने के बाद इसे अंतिम रूप देंगे।

### विश्व स्क्वाश : क्वार्टर में हारी भारतीय टीमें

**नई दिल्ली।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय लड़कों की छठी वरीयता प्राप्त टीम चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा।



### रूट बेतवे एसए20 में पार्ल रॉयल्स से जुड़ेंगे

**जोहानिसबर्ग।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट बेतवे एसए टी20 लीग के तीसरे सत्र में पार्ल रॉयल्स टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूपों में कुल 344 मैच खेलकर 19219 अंतरराष्ट्रीय रन बना चुके रूट ने 2016 टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुंबई में ग्रुप मैच में 230 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए 44 गेंद में 83 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ फाइनल में भी 36 गेंद में 54 रन बनाये थे लेकिन इंग्लैंड जीत नहीं सका था।



### समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

**कोलंबो।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, 'आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी।

प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य चयनकर्ता अगरकर और कोच गंभीर ने किया खुलासा

# फिटनेस की वजह से पंड्या को नहीं दी कप्तानी, कोहली-रोहित खेलें वर्ल्ड कप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने सोमवार को कहा कि जब हार्दिक पंड्या पर तरजीह देकर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कप्तान बनाने का फैसला किया गया तो फिटनेस, ड्रेसिंग रूम से फीडबैक और लगातार उपलब्धता उनके पक्ष में रही। अगरकर भारत के श्रीलंका दौरे से पहले नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बात कर रहे थे। श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम को तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलने हैं।

संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अगरकर ने कहा, 'सूर्यकुमार को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह योग्य उम्मीदवार था। पिछले एक साल से अधिक समय से वह ड्रेसिंग रूप में है और उसके बारे में ड्रेसिंग रूम से फीडबैक मिला है। उसमें क्रिकेट की अच्छी समझ है और वह अभी भी टी20 क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से है। हमें ऐसा कप्तान चाहिए था जो सारे मैच खेले। हमें लगता है कि वह कप्तान बनने का हकदार है और हम देखेंगे कि वह इस भूमिका में कैसे फिट बैठता है।'



### हार्दिक जैसा कौशल मिलना मुश्किल

स्टार ऑलराउंडर पंड्या के बारे में अगरकर ने कहा, 'हार्दिक जैसा कौशल मिलना मुश्किल है और फिटनेस मिलना भी मुश्किल है। हमारे पास थोड़ा और समय है और हम कुछ चीजों पर गौर कर सकते हैं। वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी है लेकिन फिटनेस बड़ी चुनौती है। हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो अधिकांश समय उपलब्ध हो।'



### फिटनेस बनाए रखें रोहित-विराट



भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि वह चाहते हैं कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली अधिकांश वनडे और टेस्ट खेलें। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2027 वनडे विश्व कप खेलने के लिए वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। रोहित और कोहली दोनों ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 प्रारूप को अलविदा कह दिया। दोनों श्रीलंका दौरे पर टी20 श्रृंखला में नहीं होंगे लेकिन वनडे श्रृंखला खेलेंगे।

### कोहली से मेरा रिश्ता निजी मामला : गंभीर

भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं बल्कि उन दोनों के बीच है और आने वाले समय में दोनों एक लक्ष्य के लिए ही काम करने वाले हैं। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। हालांकि अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने संवाददाताओं से कहा, 'टीआरपी के लिए अच्छा है लेकिन मेरा रिश्ता सार्वजनिक नहीं है। विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह दो परिपक्व लोगों के बीच का रिश्ता है।'

महिला एशिया कप

# चमारी एशिया कप में शतक बनाने वाली पहली खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ दाम्बुला

श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने सोमवार को मलेशिया के खिलाफ महिला एशिया कप के मुकाबले में इतिहास रच दिया। अट्टापट्टू टी20 प्रारूप में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अट्टापट्टू के शानदार शतक की मदद से मलेशिया के खिलाफ दमदार स्कोर बनाया। अट्टापट्टू ने इस दौरान 69 गेंदों पर नाबाद 119 रनों की पारी खेली।

अट्टापट्टू के बल्ले से 14 चौके और सात छक्के निकले। श्रीलंका ने ग्रुप-बी के इस मैच में मलेशिया को 144 रनों के बड़े अंतर से हराया। श्रीलंका की अट्टापट्टू ने हर्षिता समरविक्रमा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी निभाई। फिर उन्होंने अनुष्का संजीवनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। अट्टापट्टू ने 35 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। श्रीलंका की पारी के अंतिम ओवर में अट्टापट्टू ने 63 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।



### मलेशिया 40 रनों पर ढेर

अट्टापट्टू के इस दमदारी पारी के दम पर श्रीलंका ने मलेशिया के खिलाफ 20 ओवर में चार विकेट पर 184 रन बनाए। जवाब में मलेशिया की टीम 19.5 ओवर में महज 40 रनों पर सिमट गई। मलेशिया की ओर से एल्सा हंटर ने सर्वाधिक 10 रन बनाए और वह दहाई अंक तक पहुंचने वाली टीम की एकमात्र बल्लेबाज रहीं। अट्टापट्टू ने टी20 करियर का अपना तीसरा शतक जड़ा। वह अब तक 136 मैचों में 24.44 के औसत से 3153 रन बना चुकी हैं। उन्होंने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के खिलाफ शतक लगाए थे।

ओलंपिक

# श्रीजेश ने किया संन्यास का ऐलान, पेरिस अंतिम टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶ पेरिस

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में आयोजित हुए टोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार कॅरियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फॉर श्रीजेश' का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए 2010 में पदार्पण किया था। वह 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता टीम और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं।

### खेल रत्न से सम्मानित खिलाड़ी

श्रीजेश को 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और वह 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' 2021 का पुरस्कार जीतने वाले भारत के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2021 और 2022 में में लगातार दो बार एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट पक्का करने में सफल रही।


### अंतिम टूर्नामेंट की कर रहा तैयारी

श्रीजेश ने कहा, 'मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने कॅरियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद।' श्रीजेश ने कहा कि उन्होंने टीम के साथियों को ओलंपिक के बाद संन्यास लेने के फैसले से अवगत करा दिया है।

# नेपाल पर बड़ी जीत से अंतिम-4 में जगह बनाने उतरेगा भारत

**दाम्बुला।** पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अपने अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था



लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

# पेरिस में टोक्यो जैसी गलती नहीं करूंगी : मनिका



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा। अपने साथियों के साथ पेरिस ओलंपिक की तैयारी में लगी बत्रा ने टोक्यो ओलंपिक के अनुभव से काफी कुछ सीखा है। बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस से कहा, 'पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी।'

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रन से हराया, सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी ▶▶ नॉटिंघम

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने कॅरियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में



425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज़ को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10, भिलाई (छ.ग.) - 490006
फोन: 0788-2261892, 2264992, ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

**बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी**- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 6 (2) और 8 (6) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवीं / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार(ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ, बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं. | कुल बकाया राशि | 1. प्रारक्षित मूल्य 2. बयाना एवं 3. बोली वृद्धि राशि | कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **मेसर्स नर्मदा इंटरप्राइजेस** भागीदार :1) श्री कुलवीर सिंह धीमान (उधारकर्ता) 2) श्री श्रीनिवास आचार्य (उधारकर्ता), बिजनेस ऐड:- खसरा नंबर 7ए/5, प्रथमतल, एकता टावर, दक्षिण गंगोत्री, प्रिंटर क्लिनिक के पास सुपेला भिलाई (छ.ग.) पिन-491441 श्री कुलवीर सिंह धीमान पिता श्री सरदार बिक्रम सिंह (भागीदार), निवास का पता: ए 75 स्ट्रीट नं.-27, स्मृति नगर भिलाई, तहसील- भिलाई, जिला- दुर्ग, पिन - 491001 श्री श्रीनिवास आचार्य पिता श्री पी.बी. आर. आचार्य (भागीदार) निवास पता : एमआईजी 744, पद्मनाभपुर दुर्ग , पिन - 491001 श्री प्रकाश राव पिता श्री ए.वी. राव (जमानतदार), निवास का पता : एमआईजी 761, एमपी हाउसिंग बोर्ड, पद्मनाभपुर, दुर्ग, पिन - 491001 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय लीजहोल्ड संपत्ति / मकान वाईड नं.- एमआईजी 761, क्षेत्रफल - 197.49 वर्गमीटर स्थित पद्मनाभपुर (छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल) तहसील एवं जिला- दुर्ग, छ.ग. हैं जो श्री प्रकाश राव पिता श्री ए.वी.राव (जमानतदार) के नाम पर हैं. सीमाएं : उत्तर- रोड, दक्षिण- एमआईजी 766, पूर्व- एमआईजी 762, पश्चिम- एमआईजी 760. | रु. 1,61,31,256.77 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 62,59,680.00 रु. 6,25,968.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 07.08.2024, दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 01.08.2024 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://ebkray.in में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 7723024982 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 23-07-2024, स्थान: भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा




# नदी ने चट्टानों को काट कर बनाया है ये नजारा, घोड़े की नाल जैसा आता है नजर

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

हॉर्सशू बेंड एक प्राकृतिक आश्चर्य है जो यहां आने वाले लोगों को हैरत में डाल देता है। पेज, एरिजोना के पास स्थित कोलोराडो नदी का यह हैरतअंगेज घुमाव, लुभावने नजारों से भरपूर एक बेमिसाल कुदरती ताना-बाना है। लाखों सालों में बनी इस बेंड की दिलकश आकृति, कटाव की शक्ति और प्रकृति की सुंदरता का शानदार नमूना है।

हॉर्सशू बेंड, एरिजोना के पेज के पास स्थित एक अद्भुत प्राकृतिक आश्चर्य है। कोलोराडो नदी में यह मोड़ एक आदर्श घोड़े की नाल के आकार का है, जो हर साल हजारों टूरिस्ट्स को आकर्षित करता आ रहा है। हैरान कर देने वाले नजारे के अलावा यहां इतिहास, भूविज्ञान और आकर्षक तथ्यों का एक समृद्ध ताना-बाना है जो इस जगह को वाकई में बेमिसाल बना देता है। लाखों साल पहले इसके निर्माण से लेकर स्थानीय मूल अमेरिकी संस्कृति में इसकी भूमिका तक, हॉर्सशू बेंड सिर्फ़ एक सुंदर तस्वीर से कहीं ज़्यादा पेश करता है।

हॉर्सशू बेंड की तस्वीर आपने जरूर देखी होगी, नहीं तो उसे किसी हॉलीवुड फिल्म में तो देखा ही होगा। बेंड को इसका नाम इसकी विशिष्ट घोड़े की नाल के आकार से मिला है, जो कोलोराडो नदी की कटाव शक्ति द्वारा लाखों सालों में बना है। बताया जाता है कि यह 50 लाख साल पुराना है।

**देख कर नहीं होता है यकीन**

### दिखते हैं अद्भुत नजारे

हॉर्सशू बेंड को सबसे ज्यादा कोलोराडो नदी से लगभग 1,000 फुट ऊपर से देखना पसंद किया जाता है, जहां से अद्भुत नजारे दिखते हैं। वैसे तो यह आकृति केवल 50 लाख सास पहले बनी बताई जाती है, लेकिन इसके आसपास की चट्टानें 19 करोड़ साल से ज़्यादा पुरानी होने का अनुमान है, जो जुरासिक काल की हैं। चट्टानें मुख्य रूप से नवाजो बलुआ पत्थर से बनी हैं, जो अपने चमकीले लाल और नारंगी रंग के लिए खास तौर से जानी जाती हैं





### हॉर्सशू बेंड कोलोराडो नदी में है एक प्राकृतिक मोड़

हॉर्सशू बेंड को खास तौर से टूरिस्ट प्लेस के तौर पर तैयार किया गया है। पेज, एरिज़ोना शहर से सिर्फ़ 5 मील की दूरी पर है। यहां पार्किंग के लिए एक खास इलाका बनाया गया है, जिसके बाद 1.5 मील की राउंड-ट्रिप हाइक से ओवरलुक तक पहुंचा जा सकता है। सुबह जल्दी या देर दोपहर फोटोग्राफी के लिए सबसे अच्छी रोशनी प्रदान करता है और भीड़ कम होती है। हॉर्सशू बेंड कोलोराडो नदी में एक प्राकृतिक मोड़ है, जिसने चट्टानी घाटी की दीवारों के माध्यम से एक नाटकीय कट बनाया है, लेकिन इस इलाके के दो मालिक हैं। यू-शेप बेंड का आधा हिस्सा पेज, एरिज़ोना शहर के और दूसरा आधा निजी स्वामित्व में है।

# 1 लाख रुपए में बिक रही चप्पल कीमत देख उड़े लोगों के होश



**न्यूयार्क।** अगर आप भारत के मिडिकल क्लास परिवार से आते हैं, तो आपके घर में भी सफेद और नीली हवाई चप्पलें जरूर होंगी, जिसे आप घर में बाथरूम जाते वक्त पहनते होंगे और कई बार तो बाजार जाते वक्त भी उसे ही चढ़ा लेते होंगे। भारत में ये चप्पलें काफी कम दाम में मिल जाती हैं। पर इन दिनों सऊदी अरब का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये हवाई चप्पलें 100-200 रुपए में नहीं, बल्कि 1 लाख रुपए में बिक रही हैं।

**बोले- 'ये बाथरूम जाते वक्त पहनते हैं!'**

एक रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब में महंगाई का आलम ये है कि यहां पर हवाई चप्पलें गहनों की तरह कांच की शेल्फ में ट्रे के ऊपर रखी जाती हैं। साथ ही इसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि शायद इसे खरीदने से पहले कोई भी कम से कम 100 बार सोचेगा। ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट अमेजन पर लखानी कंपनी की सफेद-नीली हवाई चप्पल 259 रुपए की मिलती है। जबकि लखानी कंपनी की चप्पल 369 रुपए की है। पर सऊदी अरब में ये चप्पल 1 लाख रुपए से कुछ ज्यादा की बिक रही है। हाल ही में एक ट्विटर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें इस चप्पल से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में एक विक्रेता, चप्पल को कांच की शेल्फ से निकालता नजर आ रहा है। फिर वो ग्राहक के सामने चप्पल को रखता है। उसकी कीमत 4500 रियाल के करीब है।

# कैसा दिखता था 'दुनिया का सबसे खूंखार राजा'? सामने आया असली चेहरा



**न्यूयार्क।** दुनिया में कई खतरनाक राजा हुए, जिन्होंने अपनी प्रजा को बहुत प्रताड़ित किया, अपने दुश्मनों को मौत के घाट उतारा और उनके साथ इतना बुरा सुलूक किया कि जो भी उसके बारे में सुनता है, हैरान रह जाता है। कौन सबसे ज्यादा खतरनाक और खूंखार था, ये तो अलग-अलग लोगों की राय पर निर्भर करता है। हालांकि, रूस के लोग तो अपने यहां के एक राजा को ही दुनिया का सबसे खतरनाक और खूंखार राजा मानते हैं। 16वीं सदी में हुए इस राजा का नाम ईवान था, पर इतिहास उसे भयानक ईवान के नाम से याद रखता है। उसके समय से करीब 450 साल बाद, अब वैज्ञानिकों को पता चल गया है कि वो असल में कैसा दिखता होगा। एक वेबसाइट के अनुसार वैज्ञानिकों ने रूस के सबसे खतरनाक तानाशाह के नाम को चेहरा दे दिया है। ब्राजीलियन ग्राफिक डिजाइनर सिसेरो ने ये कारनामा कर दिखाया है। उन्होंने पहले भी इतिहास के कई बड़े नामों के चेहरे को ग्राफिक्स से क्रिएट किया था। ईवान की मौत 440 साल पहले 1584 में हुई थी। उसके लिए एक बात चर्चित है कि उसने 1581 में अपने ही बेटे की गुस्से में जान ले ली थी। इसके अलावा वो गद्दारों को मारकर कुत्तों को खिला देता था।

**अपने बेटे की ली थी जान!**

**तानाशाह का बनाया चेहरा :** सिसेरो ने इस चेहरे को बनाने के लिए ईवान पर मौजूद तमाम डेटा को बटोरा और उसे साथ लेकर आए। सोवियत रिसर्चर मिखायल गेरासिमोव ने 1963 में ईवान की कब्र की खुदाई की थी।

# दिल्ली का एक अद्भुत मंदिर, जहां स्थापित है पाकिस्तान के कराची से लाई गई मूर्ति

*नई दिल्ली। यूं तो दिल्ली में कई पुराने और प्रसिद्ध मंदिर हैं, लेकिन लक्ष्मी नारायण भगवान के मंदिर की बात करें तो अधिकांश लोग छतरपुर के मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। यह मंदिर सालों पुराना है। मंदिर का बनावट बहुत ही खास है। साथ ही इतिहास भी. इस मंदिर में मौजूद मूर्ति को दिल्ली या किसी और राज्य में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में तैयार किया गया था।*

## दर्शन के लिए मंदिर में लगती है भीड़


### मंदिर की मूर्ति है बेहद खास

ट्रस्टी ने बताया कि लक्ष्मी नारायण भगवान की मूर्ति बाकी सभी मूर्तियों से बेहद अलग और पुरानी है। यह मूर्ति पाकिस्तान के कराची में स्थित खुद्दी नामक गांव से लाई गई थी। जहां के महंत ने इसे भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय भारत लाकर इस मंदिर में स्थापित किया था। यही वजह है कि यह मूर्ति देखने में काफी विशिष्ट है। बाकी भगवान की मूर्तियां राजस्थान के जयपुर के कलाकारों द्वारा बनवाई गई हैं।



### समय और लोकेशन

यह मंदिर सुबह 5.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक खुलता है। इसके बाद शाम 4 बजे से रात 9.30 बजे तक दर्शन के लिए खुला रहता है। यहां पहुंचने के लिए नजदीकी मेट्रो स्टेशन मालवीय नगर है।



### दिल्ली का लक्ष्मी नारायण का मंदिर

साउथ दिल्ली के मालवीय नगर में एक सुंदर और भव्य लक्ष्मी नारायण का मंदिर स्थित है, जहां आरती का आनंद लेने के लिए भक्तों की काफी भीड़ लगती है। इस मंदिर के ट्रस्टी नरेंद्र चित्रा ने बताया कि 8 नवंबर 1955 को इस मंदिर की नींव रखी गई थी। यह मंदिर स्थानीय लोगों ने मिलकर बनाया था। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसका ऊपरी हिस्सा बिरला मंदिर की शैली में और निचला हिस्सा साउथ दिल्ली के मंदिरों के डिजाइन की तरह बनाया गया है।

# करैत ने पति पत्नी सहित तीन लोगों को डसा, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरबा/कटघोरा

पानी की बौछार पड़ते ही जमीन पर रेंगने वाले जहरीले जीव जंतु सक्रिय हो चुके हैं। रविवार की रात एक जहरीले सर्प करैत ने पहले पति पत्नी को डस लिया फिर एक युवक को डस लिया। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई है जबकि विवाहिता को गंभीर अवस्था में शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कटघोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज में लापरवाही की गई जिसे लेकर परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और कटघोरा-कोरबा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में शहीद की वीर नारायण चौक पर चक्काजाम कर जमकर प्रदर्शन किया गया जिसकी वजह से लगभग 3 घंटे तक आवागमन पूरी तरह से ठप रहा।

**इलाज में लापरवाही तीन घंटे रहा चक्काजाम**

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहलाइनभांठा बस्ती में निवासरत रोहित चौबे अपनी पत्नी अनामिका चौबे और दो पुत्र आयुष 4 वर्ष व रितिक चौबे के साथ रविवार की रात को घर पर सोए हुए थे। इस दौरान सोमवार की तड़के लगभग 4 बजे किसी जहरीले सर्प ने रोहित चौबे के गर्दन को और उसकी पत्नी अनामिका चौबे के हाथ को डस लिया। सांप के डसते ही दोनों नींद से जाग उठे और इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद रोहित चौबे तत्काल अपनी पत्नी अनामिका चौबे को अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर सीधे कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां उसने मौजूद स्टाफ को जानकारी दी कि उसको और उसकी पत्नी को किसी जहरीले सांप ने डस लिया है। रोहित चौबे के भाई राजेश चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई और भाभी तड़के 4 बजे ही अस्पताल पहुंच गए थे लेकिन वहां मौजूद अस्पताल के नर्स व चिकित्सकों ने उसे इलाज करने में लापरवाही बरती और लगभग 2 घंटे के बाद ही एंटी स्नेक वेनम लगाया। इस लापरवाही के चलते उन दोनों की तबीयत बिगड़ती चली गई।

# धरती के करीब आ रहा है तबाही लाने वाला एस्टेरॉयड, नासा ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

काफी लंबे से एस्टेरॉयड को पृथ्वी के लिए खतरा बताया जाता है। अगर धरती से एस्टेरॉयड टकराता है, तो तबाही मच सकती है। बताया जाता है कि एक बार पृथ्वी से एस्टेरॉयड की टक्कर हुई थी, जिसके बाद डायनासोर खत्म हो गए थे। इसके बाद कई बार पृथ्वी के पास से गुजरने वाले एस्टेरॉयड के टकराने की संभावना जताई गई, लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक विशाल एस्टेरॉयड को लेकर अलर्ट जारी किया है।

नासा के मुताबिक, इस एस्टेरॉयड का नाम 2011 एमडब्ल्यू1 है। यह 380 फीट का एक विशाल एस्टेरॉयड है। यह एस्टेरॉयड खतरनाक रफ्तार से पृथ्वी की तरफ आ रहा है। पृथ्वी करीब से गुजरने वाले अक्सर छोटे एस्टेरॉयड की तुलना में यह किसी विशाल इमारत जैसा है। यही वजह है कि यह हमारे लिए चिंता की बात है।



### क्या धरती के लिए खतरा है?

धरती के करीब होने के बावजूद नासा ने बताया है कि कोई डरने की जरूरत नहीं है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एस्टेरॉयड की ट्रैजेक्टरी पर सावधानीपूर्वक नजर बनाकर रखा है। अंतरिक्ष एजेंसी के मुताबिक, यह पृथ्वी के लिए बिना खतरा पैदा किए सुरक्षित दूरी से गुजर जाएगा। यही कारण है कि नासा ने इस एस्टेरॉयड को खतरनाक की श्रेणी में नहीं रखा है। लेकिन धरती की तरफ इतने बड़े एस्टेरॉयड की उपस्थिति पृथ्वी के करीब के वस्तुओं को लेकर चिंता बढ़ाती है।




# शादी में आने वाले मेहमानों से मांगे बैंक अकाउंट

एजेंसी ▸▸| लंदन

भारतीय शादियों में जब मेहमानों को न्योता भेजा जाता है, तो उन्हें काफी आदर-सम्मान के साथ बुलाया जाता है। जब मेहमानों को लगता है कि उनका पर्याप्त आदर हुआ है, तभी वो शादी में शामिल होते हैं। हालांकि, विदेशों में शायद ऐसा नहीं है। वहां पर तो जिन्हें शादी में बुलाते हैं, उनसे उनकी बैंक डीटेल भी मांग लेते हैं! आपको यकीन नहीं हो रहा है? एक ऐसी रोचक घटना के बारे में बताते हैं, जिसके बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है।

**दूल्हा-दुल्हन ने भेजा ऐसा न्योता, पढ़कर उड़े लोगों के होश!**

पैरेंट्स के लिए बनाए गए इंग्लैंड के ऑनलाइन फोरम 'मम्सनेट' पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसे पढ़कर लोग काफी हैरान हो रहे हैं। एक यूजर ने इसी महीने ये पोस्ट लिखा और बताया कि हाल ही में उन्हें एक शादी का न्योता मिला। पर वो न्योता इतना विचित्र था, कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या वो ज्यादा बुजुर्ग हो गए हैं, जिन्हें आजकल न्योते भेजने के तरीकों का ज्ञान नहीं है, या फिर वास्तव में न्योता अजीब है!

### कार्ड के साथ मांगी बैंक डीटेल

हुआ यूं कि उन्हें एक दोस्त के बेटे की शादी के लिए एक कार्ड आया था। उस कार्ड में एक क्यू आर कोड बना हुआ था। जिसे स्कैन करना था और अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी। उन्होंने जब अपने फोन से उसे स्कैन किया, तो एक गूगल फॉर्म खुल गया। फॉर्म के पहले पन्ने पर आम जानकारियां थीं, जैसे मेहमान का नाम, पता, ई-मेल एड्रेस।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com